# हरिभूमि

जबलपुर
गुरुवार, 13 जून 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




# हरिभूमि

जबलपुर

गुरुवार, 13 जून 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**सीहोर के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने राधारानी के बारे में की थी कथित विवादित टिप्पणी**

वृंदावन के प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज ने 24 मिनट के वीडियो में जताया गुस्सा

## लाडली जू के बारे में 'गलत बातें' बोलने वाले को कोई भी नरक से नहीं बचा सकता

**राधारानी पर टिप्पणी को लेकर माफी मांगने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की राधारानी पर विवादित टिप्पणी से उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा था कि राधारानी बरसाने की रहने वाली नहीं हैं। वह रावल गांव की रहने वाली थीं। इसके बाद संत प्रेमानंद महाराज जी भड़क गए हैं। प्रेमानंद महाराज ने एक 24 मिनट का वीडियो बनाकर प्रदीप मिश्रा को लताड़ लगाई है। साथ ही कहा है कि हम इष्ट पर सवाल उठाने वाले को नरक में जगह मिलेगी।



लाडली जू पर सवाल उठाने वाले नहीं जानते वृंदावन की महिमा

### ऐसे लोगों से भागवत कथा नहीं सुननी चाहिए

इसके साथ ही प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि लाडली जू और श्रीजी के बारे में ऐसी बातें सुनकर अंदर से बहुत गुस्से में हूं। ये लोग भगवताचार्य बनकर ऊटपटांग बातें करते हैं। पहले भी एक ने ऐसी बात की थी, उनका क्या हुआ सभी को पता है। हमारा हृदय जल गया तो तुम न तो लोक में रहेगा और न परलोक में। प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि ऐसे लोगों से भागवत कथा नहीं सुननी चाहिए। इससे नरक की प्राप्ति होती है।

**कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने 'हरिभूमि' के पूछने पर दिया यह स्पष्टीकरण**

उस कथा में हमने राधा रानी और भगवान कृष्ण का विवाह सुनाया

## वो वीडियो 14 साल पुराना, जिसे 'अधूरा' ही सुना गया, ऐसी अनर्गल बातें करना उचित नहीं

**विवाह के साक्षी आदि सभी प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया**

जुगल किशोर पटेल ⏭ सीहोर

इस मामले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक वीडियो जारी करते हुए अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि जिस वीडियो की बात की जा रही है, वह 14 साल पुराना है, जिसे अधूरा ही सुना गया है, उन्होंने वीडियो में लगाए गए आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए विवादित वीडियो के कुछ प्रसंगों की सप्रमाण पुष्टि भी की। उन्होंने कहा कि हमने यह प्रसंग वाली कथा कमलापुर में 14 साल पहले की थी, उस कथा का पूरा वीडियो देखने पर सच्चाई सामने आ जाएगी।



वे एक बार फोन कर देते तो मैं उनके पांव धोकर ही पी लेता

### शिव पुराण ही सुनाते हैं पं. मिश्रा

पंडित प्रदीप मिश्रा प्रसिद्ध कथावाचक गायक और आध्यात्मिक गुरु हैं। पंडित मिश्रा की कथाओं को देश- दुनिया के लोग सुनते हैं। उनके ज्यादातर प्रवचन कथा शिव पुराण से संबंधित होते हैं और उन्होंने कथा वाचन भी शिव पुराण से ही शुरू किया था। वहीं, राधारानी के परम भक्त और वृंदावन वाले प्रेमानंद महाराज आज के समय के प्रसिद्ध संत हैं। उनके भजन और सत्संग में दूर-दूर से लोग आते हैं। कहा जाता है कि भोलेनाथ ने स्वयं प्रेमानंद महाराज को दर्शन दिए।

## खबर संक्षेप


### राहतः महंगाई घटकर 4.75 प्रतिशत रह गई

**नई दिल्ली।** भारत की महंगाई में बड़ी गिरावट आई है और यह गिरकर 12 महीने के निचले स्तर पर चला गया है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ें के अनुसार भारत की खुदरा महंगाई मई में सालाना आधार पर घटकर 4.75 प्रतिशत रह गई, जो 12 महीने सबसे निचला स्तर है, जबकि अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83% थी। डाटा के मुताबिक, अप्रैल 2024 की तुलना में सालाना आधार पर मसालों में सबसे बड़ी गिरावट हुई है।



### 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इस सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे तथा सदन के अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा।



### आज अरुणाचल की कमान संभालेंगे खांडू

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री पेमा खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया है। वह राज्यपाल केटी पारनेलक से मुलाकात करेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। वहीं अरुणाचल प्रदेश में गुरुवार को नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। समारोह ईटानगर में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित किया जाएगा। सीएम के साथ मंत्री भी शपथ लेंगे।



**पाक अपनी 'करतूत' से बाज नहीं आ रहा**

**रियासी, कठुआ और डोडा में हुए अटैक, 2 आतंकी मारे गए, छिंदवाड़ा का जवान शहीद**

तीनों घटनाओं में 5 जवानों समेत कुल 48 लोग घायल

# दोस्ती की बात पीठ पर 'घात'

इन हमलों के पीछे लश्कर था, इसकी पुष्टि हो गई है। रियासी से लेकर डोडा और कठुआ में साफ हो गया है कि ये सब पाक हैंडलर ही थे। वहीं से उनको निर्देश भी मिल रहे थे।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीठ में छुरा घोंपना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। एक तरफ वह आतंकवाद को खत्म करने का भरोसा दिलाता है दूसरी तरफ आतंकी हमले करवाता है। जब भारत में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ी सहजता के साथ मोदी को बधाई देते हुए कहा कि पाकिस्तान पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। यही नहीं इससे पहले दावा करते हुए कहा कि अब पाकिस्तान आतंकवाद को हर हाल में खत्म करके ही दम लेगा। पाक पीएम शरीफ के इस ढोंग की उन्ही के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने थोड़ी ही देर में पोल खोलते हुए साफ कर दिया कि बधाई संदेश को 'प्यार का पैगाम' न समझा जाए बल्कि कूटनीतिक मजबूरी के चलते पीएम मोदी को बधाई दी गई है।

### वैष्णो देवी मार्ग की सुरक्षा बढ़ाई गई

रियासी से कटरा के 30 किलोमीटर मार्ग पर सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाई गई

रियासी से कटरा के बीच 5 और जगहों पर बैरक बनाए जा रहे हैं



### जम्मू-कश्मीर में 60 घंटे में 3 आतंकी हमले

**हमला 1 — 9 जून : शाम सवा 6 बजेः रियासी**

*पुलिस ने संदिग्ध आतंकी का स्केच जारी किया। 20 लाख रुपए का इनाम रखा। 200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सर्च ऑपरेशन जारी।*

**हमला 2 — 11 जून : रात 8 बजे : कठुआ**

*हीरानगर के सैदा सोहल गांव में दो आतंकियों ने घरों का दरवाजा खटखटाकर पानी मांगा। ग्रामीणों को शक हुआ तो दरवाजे बंद कर शोर मचाया। आतंकियों ने फायरिंग की। एक ग्रामीण घायल हुआ। डीआईजी और एसएसपी पहुंचे तो एक आतंकी ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। ग्रेनेड फेंकने के दौरान वह मारा गया।*

**हमला 3 — 11 जून : रात 1 बजे : डोडा**

*डोडा में आतंकियों ने भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 जवान और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स (जेईएम/जैश) ने ली है।*

### आज आएगा प्रदेश के शहीद बेटे का पार्थिव शरीर, सबकी आंखें नम

**भोपाल।** हीरानगर के सुखल गांव में हुए आतंकी हमले में छिंदवाड़ा के सीआरपीएफ जवान कबीर दास ऊइके घायल हो गए थे। बुधवार को उपचार के दौरान छिंदवाड़ा के पुलपुलडोह निवासी की मृत्यु हो गई। 35वर्षीय शहीद कबीर दास ऊइके कि 2011में सीआरपीएफ में नौकरी ज्वॉइन की थी। शहीद कबीर की 4 साल पहले शादी हुई थी पत्नी का नाम ममता उइके है। परिवार में एक छोटा भाई और मां है, दो बहनों की शादी हो चुकी है।




सीएम यादव ने जताया शोक...

**कहा- उनका बलिदान देश कभी विस्मृत न कर सकेगा**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर बुधवार को एक पोस्ट शेयर करते हुए सीआरपीएफ जवान के निधन पर शोक जताया है। यादव ने लिखा कि बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि शहीद जवान की पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा घायल सैनिकों को शीघ्र ही पूर्णतः स्वस्थ करें।

**शपथ ग्रहण समारोह की यादगार तस्वीरें**





पीएम मोदी ने सीएम नायडू को लगाया गले

**पीएम मोदी के साथ मंच पर 'सितारे'**



पीएम के साथ उत्साहित दिखे अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण

**पीएम मोदी-शाह-रजनीकांत भी रहे मौजूद**

## आंध्र में चंद्रबाबू नायडू की ताजपोशी पवन कल्याण बने डिप्टी सीएम

एजेंसी ⏭ अमरावती

चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सुपरस्टार रजनीकांत और चिरंजीवी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। चंद्रबाबू नायडू के अलावा पवन कल्याण और नारा लोकेश ने भी शपथ ग्रहण की। पवन कल्याण डिप्टी सीएम के तौर पर राज्य की कमान संभालेंगे। पीएम मोदी ने चंद्रबाबू नायडू को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी और हाथ मिलाया। चंद्रबाबू नायडू को भावुक देख पीएम ने उन्हें देर तक गले लगाया और पीठ थपथपाकर उनका हौंसला बढ़ाया।

### चिरंजीवी और पवन को मंच पर साथ लाए पीएम मोदी

शपथ ग्रहण समारोह में लोगों का सबसे ज्यादा ध्यान पीएम मोदी के साथ-साथ मेगास्टार चिरंजीवी और उनके भाई पवन कल्याण पर रहा। मोदी ने साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी और उनके भाई पवन कल्याण के साथ मंच पर गजब की गर्मजोशी दिखाई। शपथ ग्रहण समारोह का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही पवन कल्याण मंच से पीछे जा रहे होते हैं, तभी पीएम मोदी उनका हाथ पकड़कर अपने साथ ले जाते हैं। फिर उनके बड़े भाई और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी के पास जाते हैं। इसके बाद मोदी मंच से चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर लोगों का अभिवादन करते हैं।



### 24 साल बाद ओडिशा में भाजपा का सीएम, माझी ने ली शपथ

ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी बुधवार को नए सीएम के तौर पर शपथ ली। ओडिशा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में सीएम मोहन चरण माझी और दो उपमुख्यमंत्री के तौर पर कनक वर्धन सिंह देव और प्रवती परिधा ने भी शपथ ली। शपथ समारोह में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदीभी भुवनेश्वर पहुंचे।

पुलिस पर आरोपी ने किए 12 फायर जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

**जंगल में छिपा था आरोपी**

## दवा कारोबारी की हत्या के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दतिया

दवा कारोबारी और केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल (65) की हत्या कर फरार हुआ आरोपी बंटी कुशवाह का बुधवार को पुलिस ने शार्ट एनकाउंटर कर दिया। इसके बाद घायल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से जख्मी हुए आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस हत्याकांड में दो आरोपी ब्रजेश प्रजापति और दीपक कुशवाहा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जिले के एएसपी सुनील शिवहरे ने बताया



कि आरोपी बंटी कुशवाह घनश्यामदास अग्रवाल की हत्या का आरोपी है। रविवार शाम वारदात को अंजाम देने के बाद से वह फरार था। बुधवार दोपहर सूचना मिली थी कि वह रतनगढ़ के जंगल में छिपा हुआ है।

टक्कर के बाद पिकअप वाहन क्षतिग्रस्त

## कंटेनर ने पिकअप वाहन को रौंदा, दो लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

बुधवार सुबह खंडवा के इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर एक भीषण हादसे में बिजली कंपनी के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब एमपीईबी का एक पिकअप वाहन तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की चपेट में आ गया।हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कंटेनर ट्रक पलटी खा गया और पिकअप वाहन पूरी तरह से चपटा हो गया। इस हादसे में मारे गए दोनों कर्मचारी बुरहानपुर के रहने वाले थे और एमपीईबी में कार्यरत थे। घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे लिंगी फाटे के पास घटी।


**खजुराहो, छतरपुर और निवाड़ी में लू चली**

## छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों तक पहुंचा मानसून, मप्र में अभी कुछ दिन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- खजुराहो में पारा 4 डिग्री बढ़कर प्रदेश में सर्वाधिक 45 .4 डिग्री रहा

प्रदेश में बुधवार को कई जिलों में बौछारें पड़ने और कहीं धूप खिलने से तापमान में 4 डिग्री की घट बढ़ रही। भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में बादल छाए रहे, जिससे तपिश और उमस का अहसास रहा। इधर, मानसून की रफ्तार भी बुधवार को अपेक्षाकृत धीमी पड़ गई है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बुधवार को मानसून छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों में तो पहुंचा है, लेकिन मध्य प्रदेश में इसे पहुंचने के लिए अब इंतजार और बढ़ गया है। इस बीच कई जिलों में बादल, बारिश और बौछारों के रुप में प्री-मानसून गतिविधियां जारी रहेंगी, जिससे उमस और गर्मी परेशान करेगी।



**300 करोड़ के लिए अफसर बहू बनी 'हत्यारिन'**

पुलिस ने हत्या में शामिल 3 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया

## ड्राइवर को एक करोड़ की दी सुपारी और...कार से ससुर को कुचलवाया

**मर्डर की आरोपी बहू टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में असिस्टेंट डायरेक्टर**

एजेंसी ⏭ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में पिछले महीने एक हिट एंड रन मामले में 82 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। अब इस मामले में नया एंगल सामने आया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि हिट एंड रन की आड़ में बुजुर्ग की इरादतन हत्या की गई थी। पूरा मामला 300 करोड़ रु. की प्रॉपर्टी का है। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग की हत्या की साजिश उसकी बहू ने ही रची थी। ससुर के मर्डर की आरोपी बहू टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में असिस्टेंट डायरेक्टर है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम अर्चना मनीष पुट्टेवार है। उसने अपने ससुर पुरुषोतम पुत्तेवार (82) की हत्या की सुपारी सार्थक बागड़े नाम के ड्राइवर को दी थी। हत्या की सुपारी के लिए ड्राइवर को 1 करोड़ रुपए दिए गए थे। पुलिस ने हत्या में शामिल 3 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

◆ ससुर को मरवाने के लिए खरीदी गई थी नई कार





### क्या है पूरा मामला?

*अर्चना पुतेवार 3 साल से गढ़चिरौली के टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में असिस्टेंट डायरेक्टर है। अर्चना के पति मनीष डॉक्टर हैं। उनकी सास शकुंतला एक ऑपरेशन की वजह से अस्पताल में एडमिट थीं। 22 मई 2024 को नागपुर के अजनी इलाके में हिट एंड रन का मामला सामने आया था। एक कार पुरुषोत्तम पुत्तेवार को कुचलकर निकल गई थी। घटना के वक्त वे अपनी पत्नी से मिलकर अस्पताल से लौट रहे थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि उसने प्रॉपर्टी हड़पने के लिए अपने ससुर की हत्या का प्लान बनाया था। इसमें उसके भाई प्रशांत और पीएम पायल ने मदद की थी। हत्या के लिए नई कार भी खरीदी गई थी। पुलिस ने दो कार, सोने के जेवर और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।*

जबलपुर, गुरुवार 13 जून 2024 ■ ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष : 19 ■ अंक : 44 ■ पृष्ठ : 2+6+6=14 ■ मूल्य : 3.00 रुपये मौसम : अधि. 38 / न्यून. 28 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर-965-65505246



## कुवैत की इमारत में लगी भीषण आग, 41 भारतीय मजदूरों की दर्दनाक मौत

## लालच के कारण 195 मजदूरों को एक ही आवासीय भवन में ठूंस दिया था

कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि इमारत के गार्ड और इमारत में रहने वाले मजदूरों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार किया जाए

### बिल्डिंग में रहते थे 195 मजदूर

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस बिल्डिंग में करीब 195 मजदूर लोग रहते थे। बिल्डिंग में मलयाली लोगों की आबादी ज्यादा है। इस बिल्डिंग का मालिकाना हक एनबीटीसी ग्रुप के तहत मलयाली कारोबारी केजीर अब्राहम के पास है। केरल में स्थित 5 स्टार होटल क्राउन प्लाजा के चेयरमैन भी केजी अब्राहम ही हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में एक इमारत में आग लगने से कम से कम 41 भारतीय मजदूरों की मौत हो गई। आग बुधवार सुबह लगी और पूरी इमारत जलकर राख हो गई। आग एक फ्लैट के किचन से शुरू हुई और पूरी इमारत में फैल गई।

कई लोग इमारत के अंदर फंस गए। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए हैं। यह कैंप भारतीय मजदूरों का है और ज्यादातर लोग भारतीय बताए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ईद रशीद हमद ने बताया कि घटना की जानकारी स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 6 बजे दी गई।

### कुवैत में भारत के राजदूत ने अस्पताल का दौरा कर घायलों का हाल जाना

**पीएम मोदी ने घटना को बताया दुखद**

**कहा-भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। दुखद रूप से अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**कंपनी के पास करीब 14000 लोग**

एनबीटीसी ग्रुप की वेबसाइट फिलहाल खुल नहीं हो रही है। इसके लिंक्डिन पेज पर मौजूद जानकारी के अनुसार यह कंपनी ऑयल, गैस व कंस्ट्रक्शन जैसे क्षेत्रों में काम करती है। इसके अलावा एनबीटीसी के पास सुपरमार्केट भी है। इस सुपरमार्केट में काम करने वाले लोग भी इस बिल्डिंग में मौजूद थे। एनबीटीसी की स्थापना 1977 में हुई थी। कंपनी के पास करीब 14000 लोग हैं।









## खबर संक्षेप

### बस पलटीः चार की मौत, 14 यात्री घायल



**सीहोर।** भोपाल से बकतरा जा रही बस शाहगंज के पास ग्राम परसवाड़ा के मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक से टकराकर पलट गई। बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे हुए इस हादसे में दो बाइक सवार सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 यात्री घायल हो गए। बुदनी बीएमओ रामहित कुमार ने बताया कि चारों के शव पीएम के लिए भेज दिए हैं।

### निवेशकों ने एक दिन में 2.32 लाख करोड़ कमाए



**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मीटिंग से पहले सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि छोटे और मझोले शेयरों में शानदार तेजी रही। निवेशकों की संपत्ति करीब 2.32 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। बीएसई सेंसेक्स 76,606.57 अंक पर बंद हुआ।

पूर्व विधायक शशांक भार्गव की फैक्ट्री खाक, 9 शहरों की 15 दमकलों ने 5 घंटे में आग पर पाया काबू

## केमिकल के ड्रमों में हुए तेज धमाके कई इलाकों को खाली कराना पड़ा

आग लगने का कारण फिलहाल साफ नहीं, पूर्व विधायक ने कहा- यह जांच से पता लगेगा

इस फैक्ट्री से तैयार माल की सप्लाई विदेशों तक होती है। सीजन शुरू हो रहा है, ऐसे में बड़ी मात्रा में पेस्टिसाइड्स रखा हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अहमदपुर चौराहे स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार सुबह 7 बजे पूर्व विधायक शशांक भार्गव की पेस्टिसाइड्स यूनाइटेड फैक्ट्री (कीटनाशक) में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की 10 किलोमीटर दूर से भी धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। आग बढ़ी तो फैक्ट्री के अंदर केमिकल की टंकियों में ब्लास्ट होने लगे। जिसके बाद प्रशासन आसपास के एरिया को खाली कराया। आग को बुझाने के लिए 9 शहरों की 15 फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ीं। करीब 5 घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। वहीं, केमिकल की आग बुझाने वाली फोम की फायर ब्रिगेड भी बुलाई गई। केमिकल के कारण जहरीला धुआं फैलने से इलाके को खाली कराया गया। यूनिकल फैक्ट्री से ही लगी यूनाइटेड फैक्ट्री में भी बड़ी संख्या में ड्रमों में केमिकल रखा था, जिससे यहां भी आग फैलने का डर था।



जहरीला धुआं फैलने से इलाके को खाली कराया गया

10 किलोमीटर दूर से भी धुएं का गुबार दिखाई दिया

**प्रत्यक्षदर्शी बोला-केमिकल के कारण फैली आग**

प्रत्यक्षदर्शी गोलू शर्मा ने बताया कि आग से फैक्ट्री में रखी केमिकल की टंकियों में ब्लास्ट होने लगे। केमिकल के कारण आग फैलती गई। पानी डालने पर और भभकी इसके बाद केमिकल की आग बुझाने वाली फोम की फायर ब्रिगेड बुलाई गई।

***आग बुझाने में पानी लगने से सप्लाई में कटौती***

*नगरपालिका के जल विभाग के प्रभारी रामप्रकाश जयसवाल ने बताया कि फायर बिग्रेड के लिए इंदिरा कॉम्प्लेक्स और संग्रहालय के पीछे बने पॉइंट से पानी दिया गया है। यहां से करीब ढाई सौ बार फायर बिग्रेड में पानी भरा गया है। इसका असर शहर की पानी सप्लाई पर भी पड़ा है। नगर पालिका द्वारा शहर में जहां-जहां शाम के समय पानी की सप्लाई होती है। उसमें 15 मिनट की कटौती की है।*

### भिंड में दूषित पानी पीने से हाहाकार

## तीन की मौत, 70 से अधिक लोगों को उल्टी-दस्त, अस्पतालों में भर्ती

कई की हालत गंभीर जान गंवाने वालों में एक बच्चा और दो बुजर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

जिले में दूषित और बदबूदार पानी पीने से 100 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। दूषित पानी पीने से लोगों को उल्टी दस्त शुरू हो गए। दो बुजुर्गों और एक बच्ची की हालत इतनी बिगड़ी की उनकी मौत हो गई है। सभी बीमार लोगों को इलाज के लिए फूफ, भिंड और ग्वालियर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मामला फूफ नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 का बताया जा रहा है। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव का कहना है कि फूप में हालात पर काबू पा लिया गया है। एक मरीज की मौत हुई है जो दूसरी बीमारी से पीड़ित थे। फूप बीएमओ सिद्धार्थ चौहान का कहना है कि दूषित पानी के कारण यह समस्या बनी है।

*कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा- हालात नियंत्रण में*



**नाली का पानी नल के पानी के साथ मिक्स हुआ**

मंगलवार रात को ही एक साथ 70 मरीज सामने आ गए। बताया जा रहा है कि 3 दिन में वार्ड 5, 6 और 7 में 2 बुजुर्गों समेत एक बच्ची की की मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि दूषित पानी पीने के बाद उन्हें उल्टी-दस्त हुए और फिर फूप कस्बे में बिजली के पोल लगाए जा रहे हैं। इन पोल्स को नाली से सटाकर गाड़ा जा रहा है। इसके लिए मशीनरी इस्तेमाल हो रही है। लोगों का मानना है कि काम के दौरान पानी की पाइपलाइन टूट गई और नाली का पानी नल के पानी में मिलकर आ आ रहा है। वैसे भी फूप कस्बे के सभी 15 वार्ड में नगर परिषद की 39 साल पुरानी जर्जर पाइपलाइन और दो साल पहले जलावर्धन योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन बीते एक सप्ताह से कस्बे के वार्ड 5, 6 और 7 में पुरानी पाइपलाइन से पानी सप्लाई किया जा रहा था।

### शपथ के बाद ये पहली विदेश यात्रा

## तीसरी बार पीएम पद संभालने के बाद कल इटली रवाना होंगे मोदी

### जी 7 शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नईदिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली रवाना होंगे। केंद्र में तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ये पहली विदेश यात्रा होगी। प्रधानमंत्री 14 जून को इटली में जी 7 सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की ये यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब रूस-यूक्रेन युद्ध और गहरा चुका है, इजरायल-हमास संघर्ष के नतीजों को सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा दुनिया के कई बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे और इन ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक जी 7 सम्मेलन में जिन देशों के राष्ट्रध्यक्ष शामिल होंगे, उनमें हैं – यूएस प्रेसिडेंट जो बाइडेन, फ्रेंच राष्ट्राध्यक्ष इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो. वहीं जी 7 सम्मेलन में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के भी आने की संभावना है।

**पीएम मोदी 18 जून को काशीवासियों से करेंगे संवाद**

**वाराणसी।** वाराणसी के सांसद व पीएम नरेंद्र मोदी 18 जून को काशी आएंगे। जीत के बाद काशी की जनता का आभार जताने के लिए एक दिन का प्रवास करेंगे। पीएम सेवापुरी विधानसभा के मेहंदीगंज में किसानों से संवाद करेंगे। बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन और मां गंगा की पूजा के साथ गंगा आरती में शामिल भी होंगे। किसानों से संवाद के लिए भाजपा के पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी स्थान चयन करने में जुट गए हैं। पीएम के काशी आगमन को लेकर काशीवासी और भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। पीएम के यात्रा मार्ग में स्वागत के लिए काशीवासियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।

### पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का आज से शुभारंभ


## मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे राजा भोज से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट को फ्लैग ऑफ करेंगे

सीएम डॉ. यादव भोपाल एयरपोर्ट पर टिकट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ कर यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान करेंगे

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को पर्यटन गंतव्यों तक कनेक्टिविटी बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुबह 9 बजे राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भोपाल से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट को फ्लैग ऑफ करेंगे। यह फ्लाइट भोपाल से जबलपुर होकर रीवा जाएगी।




**15 जून को ग्वालियर से पहली उड़ान**

15 जून को ग्वालियर और फिर 16 जून को उज्जैन से हवाई यात्रा की शुरुआत होगी। इच्छुक पर्यटक www.flyola.in पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड कर रहा संचालन**

राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति एवं प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड के शिव शेखर शुक्ला, प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैयाराजा टी, अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी विशेष तौर पर उपस्थिति रहेंगी।



# हाथ में सुई से भर-भर घुसेड़ा 6 लीटर वैसलिन, बांह फुलकर हुआ गुब्बारा

**लंदन।** आजकल के युवा बॉडी बनाने के लिए जिम जाते हैं। प्रोटीन फांकते हैं। दिन-रात मेहनत करते हैं, ताकि उनके मशल्स, चेस्ट, थाई सबकुछ बेहतर शेप में आ सके। लेकिन कुछ लोग शॉर्टकट अपनाकर अपने इस शौक को पूरा करना चाहते हैं। ऐसा ही एक शख्स रूस का रहने वाला किरिल तेरेशिन है, जिसे बाजूका हैंड्स और रशियन पोपेय के नाम से भी जाना जाता है। इस शख्स को मशल्स बनाने की ऐसी सनक सवार हुई कि इसने अपने दोनों हाथों में 3-3 लीटर वैसलिन इंजेक्ट कर लिया। इस शख्स ने सूई के जरिए अपने दोनों हाथों में 6 लीटर वैसलिन को घुसेड़ा, जिसकी वजह से उसकी बांहें फुलकर गुब्बारे की तरह हो गईं। इसके हाथ को जो भी देखता है, वो हैरान हो जाता है। लोग चिंतित भी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 25 मई को टिकटॉक के लिए इस शख्स ने अपना एक वीडियो बनाया, जिसे उसने अपने फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट पर भी शेयर किया. संभवतः अंग्रेजी बोलने वाले देशों के यूजर्स को अट्रैक्ट करना चाहते हैं। किरिल को उम्मीद थी कि लोग उसके मशल्स को देखकर प्रभावित होंगे, लेकिन टिकटॉक पर उसके बाजुओं को देखने के बाद लोग बेहद चिंतित नजर आए।



### यह लग रहा है बहुत दर्दनाक

एक व्यक्ति ने कहा, 'वह खुद को मार डालेगा।' दूसरे शख्स ने कहा, 'यह बहुत दर्दनाक लग रहा है!' तीसरे ने कहा, 'यह वास्तव में बदतर हो गया है।' एक अन्य यूजर ने कहा कि अगर इसने तुरंत अपना इलाज नहीं करवाया तो निश्चित रुप से जल्दी मर जाएगा। बता दें कि सोशल मीडिया पर किरिल काफी एक्टिव हैं। इंस्टाग्राम पर 2 लाख से ज्यादा लोग उन्हें फॉलो करते हैं। हालांकि, यूट्यूब 4 महीने पहले किरिल ने अपनी अजीबोगरीब बाजुओं का वीडियो शेयर किया था। उस वीडियो में उसके मशल्स बिल्कुल लाल रंग के नजर आ रहे थे, जो गुब्बारे की तरह फुले हुए थे। वीडियो में किरिल ने अपने उभारों को दिखाते हुए कहा था, 'प्रॉब्लम हो गई है।मेरे हाथ लाल हो गए हैं।6 साल पहले मैंने अपने दोनों बाजुओं में 6 लीटर वैसलिन घुसेड़ा था। अब मेरे बाजू बिल्कुल लाल हो गए हैं।'

# धरती की चार रहस्यमयी जगहें, वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए रहस्य

लंदन। दुनिया रहस्यों से भरी हुई है। इन रहस्यों में से कई रहस्यों को सुलझा लिया गया है, तो कुछ रहस्यों को अभी तक वैज्ञानिक नहीं सुलझा पाए हैं। कुछ जगहों को एलियंस की वजह से, तो कुछ स्थानों को भूतों की वजह से रहस्यमयी माना जाता है। दुनिया में कई ऐसी जगहें जो बेहद खूबसूरत हैं, लेकिन रहस्यमयी भी हैं। इन रहस्यों को जानने के लिए वैज्ञानिक सालों से शोध कर रहे हैं। आज हम आपको कुछ रहस्यमयी जगहों के बारे में बताते हैं।..

## जानकर खड़े हो जाएंगे रोंगटे



### ग्रीन माउंटेन नेशनल फॉरेस्ट

यह अमेरिका के साउथ वेस्टर्न वेरमॉन्ट में स्थित है। इस जगह को बेहद रहस्यमयी माना जाता है। साल 1945 में इस जगह पर एक शख्स गाइड का काम करता था, जिसका नाम मेंडी रिवर्स था। वह 12 नवंबर, 1945 को लौटते समय लापता हो गया और उसका कभी नहीं पता चला। इसके बाद साल 1949 में यहां से तीन शिकारी गायब हो गए। फिर साल 1949 में ही जेम्स ई जेफोर्ड नाम का शख्स भी लापता हो गया। इनमें से न किसी की कभी लाश मिली और नहीं पता चल पाया।

### स्टोनहेंज, इंग्लैंड



इंग्लैंड में स्थित स्टोनहेंज रहस्यों से भरी हुई जगह है। यह स्थान लगभग करीब 5000 साल पुराना है। माना जाता है कि कि यह यूनिक ब्लूस्टोन सामग्री से बना विशाल मेगालिथ पत्थरों का एक गोलाकार समूह है। स्टोनहेंज इंग्लैंड में सबसे अधिक लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी है। स्टोनहेंज के इन चट्टानों के पीछे एक रहस्य छिपा हुआ है, जिसको लेकर लोग कई तरह के दावे करते हैं। लेकिन इस रहस्य का पता आज तक कोई नहीं लगा पाया। स्टोनहेंज की विशालकाय चट्टानें करीब 23 फीट तक ऊंची हैं। इन चट्टानों को ऊंचा खड़ा करने के बाद एक गोलाकार आकार दिया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि करीब 3000 से 2000 ईसा पूर्व के बीच इसका निर्माण किया गया होगा। ऐसे में सवाल यह है कि जब उस दौरान किसी प्रकार की वैज्ञानिक उन्नति नहीं हुई थी? तो इन विशालकाय चट्टानों को एक जगह से दूसरी जगह कैसे ले जाया गया और उन्हें यह आकार कैसे दिया गया।

### कोडिन्ही, भारत



दुनिया की तरह भारत में भी कई रहस्यमयी जगहें हैं। इनमें केरल का एक छोटा सा गांव कोडिन्ही भी शामिल है। इस गांव में करीब सैकड़ों परिवार रहते हैं। माना जाता है कि दुनिया का एकलौता गांव है जहां पर सिर्फ जुड़वां बच्चे पैदा होते हैं। इस गांव में करीब 200 जुड़वां बच्चे हैं। इसके पीछे का रहस्य क्या है? आज तक कोई भी डॉक्टर या वैज्ञानिक नहीं पता लगा पाया।

### एंगिकुनी झील



कनाडा में स्थित इस झील को बेहद रहस्यमयी माना जाता है। इसके किनारे एक गांव बसा था, जो अपने आप में एक राज है। बताया जाता है कि साल 1930 में एक अचानक इस गांव को लोग गायब हो गए थे। इस गांव में लाबेल नाम का शख्स पहुंचा, तो उसने देखा कि घर के चूल्हों पर खाना बनाने के लिए रखा गया था। हर घर में काम अधूरे पड़े थे तो लाबेल ने सोचा कि लोग कहीं गए होंगे और वापस आएंगे। लेकिन इस गांव में रहने वाले 2000 लोगों में से किसी भी व्यक्ति की पता आजतक नहीं चल पाया है।

**अबतक अनसुलझा है रहस्य!**

# 12 साल की होते ही बदल जाता है लड़कियों का लिंग, अपने आप बन जाती हैं लड़का

**न्यूयार्क।** दुनियाभर में कई ऐसी अजीबोगरीब जगहें हैं, जिनके रहस्य आज भी अनसुलझे हैं। इनमें से किसी जगह पर ज्यादातर जुड़वां बच्चे पैदा होते हैं, तो कोई बौनों का गांव है। कुछ जगहें ऐसी भी हैं, जहां के लोग दिन रात सोते रहते हैं। लेकिन क्या आपने किसी ऐसी जगह के बारे में सुना है, जहां पर महिलाओं के गर्भ से पैदा तो लड़कियां होती हैं, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ लड़का बन जाती हैं? यकीनन, आपने नहीं सुना होगा। लेकिन बता दें कि इस गांव ने शोधकर्ताओं से लेकर वैज्ञानिकों तक को हैरान कर रखा है। बीते कई सालों से गांव को लेकर रिसर्च किए जा रहे हैं, लेकिन लिंग परिवर्तन की असली वजह अब भी सामने नहीं आ पाई है।

इस छोटे से गांव का नाम ला सेलिनास है, जो उत्तरी अमेरिकी देश डोमिनिकन रिपब्लिक में बसा है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि इस गांव में पैदा होने वाली लड़कियां 12 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते लड़का बन जाती हैं। उनका लिंग अपने आप बदल जाता है। मर्दों की तरह उनकी आवाज भारी हो जाती है।पूरे शरीर में बाल उगने लगते हैं। इस गांव के लोग बेटी पैदा तो करना चाहते हैं, लेकिन अपने आप लिंग परिवर्तन हो जाने की वजह से लड़कियों के पैदा होने पर निराश हो जाते हैं। उनके घरों में मातम छा जाता है। बीते कई सालों से रिसर्चर्स शोध कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी इसका कोई परिणाम सामने नहीं आया है। मेडिकल साइंस में जेंडर चेंज कराने के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है, लेकिन इस गांव में लड़कियां अपने आप ही लड़का बन जाती हैं। कई रिसर्चर्स इसका जवाब ढूंढने की कोशिश कर चुके हैं। लेकिन किसी को नहीं पता चला कि आखिर ऐसा कैसे हो जाता है। हालांकि, ज्यादातर लोग इस गांव को शापित मानते हैं। वहीं, कुछ जानकार लिंग परिवर्तन की वजह को एक अनुवांशिक बीमारी मानते हैं, जिसका नाम 'सूडोहर्माफ्रडाइट' है।



**नर्क हो जाती है जिंदगी!**

*वो लड़कियां, जो उम्र के साथ लड़का बन जाती हैं, उनकी जिंदगी नर्क जैसी हो जाती है। डोमिनिकन गणराज्य में इन पुरुषों को गुएवेडोसेस के नाम से जाना जाता है, जिसका अर्थ है 'बारह वर्ष की आयु में लिंग।' कई लोग उन्हें 'माचीहेम्ब्रस' भी कहते हैं, जिसका अर्थ है 'पहले एक महिला, फिर एक पुरुष'। आधिकारिक तौर पर इस स्थिति को 5-अल्फा रिडक्टेस की कमी कहा जाता है। बता दें कि समुद्र किनारे बसे इस गांव की आबादी 6 हजार के करीब है।*




# स्कोडा ने ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की पेशकश की

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने उत्पादों में नए-नए प्रयोग करने की रणनीति को लगातार बरकरार रखते हुए, अपनी 5 स्टार सुरक्षित गाड़ियों में एक और अपग्रेड किया है। कंपनी ने कुशाक ओनिक्स एटी को लॉन्च किया है।स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कार में किए गए अपग्रेडेशन के बारे में कहा, 'ओनिक्स वैरिएंट हमारे लाइन-अप में एक महत्वपूर्ण संकलन है। दरअसल, जिस कीमत पर कुशाक को उपभोक्ताओं को पेश किया गया है, वह इस पूरी श्रेणी में सबसे किफायती एसयूवी बनाता है। ओनिक्स एटी पहले लॉन्च की गई ओनिक्स की तरह, स्कोडा की सबसे अधिक बिकने वाली एसयूवी के मौजूदा एक्टिव और एंबिशन वैरिएंट्स के बीच की गाड़ी है। कुशाक ओनिक्स के बाहरी भाग में एंबिशन वैरिएंट्स के फीचर्स की झलक मिलती है।

# सालासर टेक्नो ने 31.50 प्रतिशत आय बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसईः 540642, एनएसईः सालासर), एक वन-स्टॉप इंजीनियरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रोवाइडर है। कंपनी ने अपने चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस साल अपनी चौथी तिमाही में 31.50 प्रतिशत आय में वृद्धि की है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, सालासर की मैनेजमेंट टीम ने कहा कि, 'हमें फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए अपने व्यवसाय और वित्तीय प्रदर्शन को साझा करते हुए कहा कि हमारा ऑपरेशनल रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में 3,673.3 मिलियन रुपये तक पहुंच गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही में 2,947 मिलियन रुपये से अधिक था और कुल ऑपरेशनल रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 23 के 10,049.0 मिलियन रुपये की तुलना में फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए 12,084.3 मिलियन रुपये रहा।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** – परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** – मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** – आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** – खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** – कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

# 'इश्क की उम्र नहीं होती, न ही दौर होता है'

पेरिस। कहते हैं- 'इश्क की उम्र नहीं होती, न ही दौर होता है, इश्क तो इश्क है, जब होता है बेहिसाब होता है!' प्यार की यही खासियत है। इंसान प्रेम में न ही एक- दूसरे की जाति, धर्म, समुदाय, रंग देखता है और न ही उसकी उम्र. हाल ही में दूसरे विश्व युद्ध के एक हीरो ने इस बात को साबित कर दिया। 100 साल के इस पूर्व सैनिक ने अपनी प्रेमिका से शादी रचा ली है, जो उम्र में उनसे सिर्फ 4 साल छोटी हैं। उनकी शादी जितनी खास थी, उससे भी ज्यादा खास वो जगह थी, जहां पर उन्होंने शादी की। हैरल्ड टेरेन्स जब 20 साल के थे, तब पहली बार वो फ्रांस के नॉर्मेंडी गए थे। वो यूएस आर्मी में एयरफोर्स कोर्पोरल थे और दूसरे विश्व युद्ध में एलाइड फोर्सेज का हिस्सा थे, जिसने 6 जून 1944 को नॉर्मेंडी इन्वेजन को अंजाम दिया था, जिसके तहत अलाइड फोर्स ने फ्रांस को नाजियों के कब्जे से छुड़ाया था। इसे 1944 या दूसरे विश्व युद्ध का डी-डे भी बोलते हैं। अब 80 साल के बाद हैरल्ड फिर से नॉर्मेंडी पहुंचे। इस बार भी वो अकेले नहीं थे, बल्कि अपनी प्रेमिका के साथ थे। उन्होंने यहां पर अपनी 96 साल की प्रेमिका जीन स्वर्लिन से शादी की और प्यार की इबारत लिख दी। शादी से पहले हैरल्ड ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो इस बात से बेहद खुश हैं कि वो उस औरत से शादी करने जा रहे हैं जो दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला है और एक बेहतरीन डांसर है। दोनों ही न्यूयॉर्क सिटी में बड़े हुए, मगर 2021 में दोनों की मुलाकात, जीन स्वर्लिन के पहले पति की बेटी ने करवाई थी। पहली बार दोनों साथ में डिनर पर गए और उन्हें एक दूसरे से प्यार हो गया।



*100 साल के पूर्व सैनिक ने रचाई शादी, दूसरे विश्व युद्ध के थे हीरो!*

### राष्ट्रपति ने डिनर पर बुलाया

बीते शनिवार को दोनों कैरेंटेन नाम के शोटे से शहर में शादी के बंधन में बंध गए। शादी के बाद दोनों के एलिसी पैलेस, यानी फ्रांस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर स्टेट डिनर के लिए राष्ट्रपति ने आमंत्रित किया, जहां अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी शामिल हुए। फ्रांस के डी-डे इन्वेजन को कुछ ही दिनों पहले 80 साल पूरे हुए थे। इसे मौके पर हैरल्ड समेत कई अन्य पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया था।

# स्टैंडर्ड कैपिटल ने की आय घोषणा

**जबलपुर।** फाइनेंशियल सर्विसेज़ सेक्टर की लीडिंग कंपनी स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपनी आय की घोषणा की है। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी का ऑपरेशनल रेवेन्यू 1069.67 लाख रुपये था, जिसमें सालाना 200.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने हायर एजुकेशन चाहने वाले व्यक्तियों को एजुकेशनल लोन देने के लिए एक लीडिंग फिनटेक कंपनी के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य छात्रों के लिए शिक्षा को अधिक आसान और किफायती बनाना है, जिससे उन्हें अपने एकेडमिक गोल्स को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खाना फ्री. 7495042110 (भोपाल/12/जून/24)

**फायनेंस**

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर/14/जून/24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शब्द पहेली - 5540

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | | ■ | ■ | 14 | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | 18 | | 19 | ■ | 20 | |
| ■ | 21 | | 22 | ■ | | ■ | 23 | 24 | | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | | | ■ | | ■ | 28 |
| 29 | | 30 | ■ | | ■ | ■ | 31 | | | |
| | ■ | 32 | 33 | ■ | 34 | | | | ■ | |
| 35 | 36 | ■ | 37 | 38 | | ■ | | ■ | 39 | |
| ■ | 40 | | | | ■ | 41 | | | | ■ |

**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5539 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | बा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| बा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | बा | ना | प | न | ■ | प | र | ब | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | बा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | र्मो | प | दे | श | क |

## सूडोकु नवताल - 5551

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5550 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# टी20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में पहुंचा, एरासमस ने शर्मनाक 17 गेंदों में खोला खाता

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप आस्ट्रेलिया और नामीबिया मैच के दौरान टी20 इंटरनेशनल के एक अनचाहा वर्ल्ड रिकॉर्ड गेराल्ड एरासमस ने अपने नाम कर लिया। नामीबिया के कप्तान अपनी टीम की ओर से हाइएस्ट स्कोरर रहे और उन्होंने 43 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें अपने पहले रन के लिए कितना इंतजार करना पड़ा था।

गेराल्ड एरासमस ने 17वीं गेंद पर अपना खाता खोला। टी20 इंटरनेशनल में खाता खोलने के लिए सबसे ज्यादा गेंदों का सामना करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अब एरासमस के नाम ही दर्ज हो गया है। इससे पहले यह वर्ल्ड रिकॉर्ड केन्या के तन्मय मिश्रा के नाम दर्ज था। 2007 में पाकिस्तान के खिलाफ तन्मय मिश्रा ने 16 गेंद पर अपना खाता खोला था।




### नामीबिया, ओमान बाहर

मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में तीसरी जीत दर्ज कर सुपर-8 का टिकट पक्का कर लिया है। ग्रुप-बी से ऑस्ट्रेलिया का टिकट पक्का हो चुका है, जबकि नामीबिया और ओमान एलिमिनेट हो चुके हैं। स्कॉटलैंड या इंग्लैंड में से कोई एक टीम सुपर-8 में पहुंचेगी।

### नामीबिया 72 रन पर ढेर

नामीबिया की टीम 17 ओवर में महज 72 रनों पर ऑलआउट हो गई। गेराल्ड एरासमस ने 43 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन ने 10 रन बनाए, इन दोनों के अलावा नामीबिया का कोई और बैटर दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाया। 21 रनों तक तो नामीबिया की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी।



### जम्पा का चौका

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं जोश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस ने दो-दो विकेट निकाले। पैट कमिंस और नाथन एलिस ने एक-एक बैटर को पवेलियन भेजा।

### 34 गेंद में जीता आस्ट्रेलिया

जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में ही एक विकेट पर 74 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। डेविड वॉर्नर ने 8 गेंदों पर 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड 34 जबकि मिचेल मार्श 18 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। ऑस्ट्रेलिया को अपना आखिरी लीग मैच स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलना है।

## श्रीलंका-नेपाल बाहर अफ्रीका अगले दौर में

**लॉडरहिल।** श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई। बारिश के कारण इस मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी। इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई। उसने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं।

## खबर संक्षेप



### नडाल और अलकराज युगल में देंगे चुनौती

**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

### वालपुइया 2027 तक मुंबई में बने रहेंगे

**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने टाटा से किया करार

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस 'नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों' तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक 'प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता' होगा।

### चोटिल शारदुल के पैर की हुई सर्जरी

**लंदन।** भारत के ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर के पैर की बुधवार को यहां सर्जरी हुई और संभावना है कि वह कम से कम तीन महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहेंगे। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सर्जरी के बाद की तस्वीर साझा की जिसका शीर्षक था, 'ऑपरेशन सफलतापूर्वक हुआ।' यह उनके पैर की दूसरी सर्जरी है। इससे पूर्व पांच साल पहले 2019 में भी उनके पैर की सर्जरी हुई थी।



## यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में किया शानदार प्रदर्शन

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को 3-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपज़िग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे।आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल



### वर्ल्ड कप : चीन की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए। एशिया की 18 टीमों में से छह टीम को विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। दो अन्य टीम एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे चरण से विश्व कप में सीधे प्रवेश पा सकती हैं जबकि एक अन्य टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलेगी। चीन को ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन मैच हार जाने के कारण उसे थाईलैंड और सिंगापुर के मैच के परिणाम तक इंतजार करना पड़ा। चीन अभी तक केवल एक बार 2002 में विश्व कप में खेला था।

एथलेटिक्स

## गुलवीर ने पोर्टलैंड में 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



एजेंसी ▶▶| पोर्टलैंड

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने यहां 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफोरमेंस' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर पुरुषों की 5,000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

'पॉल बंटा मेमोरियल रेस' में हिस्सा लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 वर्षीय एथलीट गुलवीर ने 13:18.92 सेकेंड का समय निकाला जो अविनाश साबले के पिछले साल लास एंजिल्स में बनाए गए 13:19.30 सेकेंड के समय के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। अब गुलवीर के नाम 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल हांग्झोउ एशियाड में 28.17.21 सेकंड के समय से 10,000 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था।अमेरिका के डिलन जैकब्स ने 13:18.18 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। भारत के कार्तिक कुमार (13:41.07) 17वें स्थान पर रहे जबकि साबले (13:20.37) रेस पूरी नहीं कर सके।

पुरुषों की 5,000 मीटर हाई परफोरमेंस स्पर्धा में अभिषेक पाल 13:41.57 सेकेंड के समय से तीसरे स्थान पर रहे। 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल' अमेरिका की प्रमुख ट्रैक प्रतियोगिताओं में से एक है जिसमें कई ओलंपिक चैम्पियन, विश्व रिकॉर्डधारी, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और ओलंपियन हिस्सा लेते हैं।

# टिटमस ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में बनाया विश्व रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया की एरियार्ने टिटमस ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक तैराकी ट्रायल के दौरान महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड बनाया। टिटमस ने एक मिनट 52.23 सेकंड का समय लेकर पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में मोली ओकालाघन के एक मिनट 52.85 सेकंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। मोली एक मिनट 52.48 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। टिटमस 200 और 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा की ओलंपिक चैंपियन हैं और अब इन दोनों स्पर्धा के विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम हैं।

### भारत की पुरुष और महिला टीम जीतीं

**डेलियान।** भारत की पुरुष और महिला टीमों ने यहां चल रही एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। चोटिल अभय सिंह के बिना खेल रही पुरुष टीम ने अनुभवी वेलावन सेंथिलकुमार की अगुआई में कुवैत को 2-1 से हराया। रतिका एस सीलान की अगुआई में महिला टीम ने मकाउ को 2-1 और मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। भारतीय पुरुष टीम को हालांकि अपने दूसरे ग्रुप मैच में जापान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

### भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि व्यवस्थित ट्रायल, उचित अंकन प्रणाली और सभी दावेदारों को समान अवसर के कारण देश के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के लिए 15 कोटा स्थान हासिल किए। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाले नारंग को खुशी है कि पेरिस ओलंपिक में 15 निशानेबाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें उनकी अकादमी की दो महिला निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान और रमिता भी शामिल हैं।

## इंग्लैंड के अरमानों पर पानी फेर सकती है बारिश



**नॉर्थ साउंड।** अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था। जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर**

एनआईटी नं.- 01/2024 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / 2024 2025 दिनांक 10.06.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | भौतिक रूप सं एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB_349816_1 | सिवनी | पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य । | जिला सिवनी अंतर्गत ग्राम भाटीवाडा से मुगवानी मार्ग में ठरका नदी पर जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य | प्रथम | 243.01 Lacks | समस्त दस्तावेज ऑन लाईन जमा किये जावेगे |

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26.06.2024 शाम 18.00 बजे निर्धारित है । विस्तुत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाईड में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेबसाईड पर किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर

G-11583/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग
खुली निविदा, दिनांकः 11.06.2024

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.95-2024, दिनांकः 10.06.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर के अधीन-गाडरवारा स्टेशन पर टीआरडी डिपो का प्रावधान, **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 88,30,550/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 1,76,600/-, **समापन अवधिः** 10 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 02.07.2024, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 02.07.2024, **क्र.सं.-2, निविदा सूचना क्रमांकः** डी आर एम डब्ल्यू-जे.बी.पी.96-2024, दिनांकः 10.06.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर मंडल के पिपरिया, नरसिंहपुर, कछपुरा, सिहोरा, कटनी, सतना, कटनी-मुरवाड़ा, सरईग्राम, रीवा उप-मंडल में टीआरडी डिपो के लिए स्टोर रूम सुविधाएं (जबलपुर मंडल के पिपरिया, नरसिंहपुर, कछपुरा, सिहोरा, कटनी, सतना, दमोह, सागौर, कटनी-मुरवाड़ा, सरायग्राम, रीवा उप मंडल में टीआरडी डिपो के लिए स्टोर रूम सुविधाओं का हिस्सा), **कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,23,10,866/-, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,11,600/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 02.07.2024, **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथिः** 02.07.2024,**नोटः** उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबन्धक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

(योजना रेरा पंजीयन क्र. P-JBP-22-3640)



जबलपुर शहर के मध्य हाथीताल कॉलोनी (पुराना कार्यालय परिसर) जबलपुर में निर्मित होने वाली दुकानों का ई-ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण (तृतीय विज्ञापन)

ई-आफर सुविधा www.mphousing.in/www.mponline.gov.in पर उपलब्ध | ई-ऑफर 02.07.2024 तक आमंत्रित

| क्र. | संपत्ति का विवरण | तल का विवरण | दुकान क्र. | आरक्षण की श्रेणी | दुकान का कुर्सी क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | दुकान का मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुकान | भूतल | 17 | अनुसूचित जनजाति | 22.63 | 34.00 | 6.80 |
| 2 | दुकान | भूतल | 19 | अ.पि.व. | 23.36 | 35.00 | 7.00 |
| 3 | दुकान | भूतल | 21 | सामान्य | 22.63 | 34.00 | 6.80 |
| 4 | दुकान | भूतल | 22 | अनुसूचित जनजाति | 24.09 | 37.00 | 7.40 |
| 5 | दुकान | भूतल | 23 | सामान्य | 24.09 | 37.00 | 7.40 |

आवेदन शुल्क (जी.एस.टी. सहित) रु. 1770/- मात्र

नियम एवं शर्तें :-

1- आवेदन/धरोहर राशि ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी।
2- पूर्ण राशि जमा कर विक्रयनामा पंजीकृत कराने के उपरांत ही दुकान का आधिपत्य प्रदान किया जावेगा।
3- दुकान का ऑफर स्वीकृत होने उपरांत शेष राशि नियमानुसार किश्तों में देय होगी।
4- समय-समय पर मण्डल एवं शासन द्वारा जारी आदेश/परिपत्र हितग्राही पर बंधनकारी होंगे।
5- दुकान का आधिपत्य लेने के पश्चात् पानी/बिजली कनेक्शन आवंटी को स्वयं के व्यय पर लेना होगा।
6- दुकान के मूल्य के अलावा शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. की राशि एवं बाह्य सेवा संधारण प्रभार दुकान के मूल्य का 10 प्रतिशत पृथक से देय होगा।
7- ऑफर स्वीकृति के उपरांत यदि आवेदक स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कराते हैं तो धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज के आवंटी को वापस की जावेगी।
8- योजना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध है।

संपर्क : एस.के. उपाध्याय (संपदा अधिकारी/कार्यपालन यंत्री, संभाग-1 जबलपुर) मो. 8839028937, ओ.पी. श्रीवास्तव (संपदा प्रबंधक संभाग-1 जबलपुर) मो.-7987453230, सुश्री गीतिका साहू (उपयंत्री) मो. 9406713208

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in

म.प्र. माध्यम/114844/2024




### बगैर कॉलेज आए डिग्री ले गए बिहार, राजस्थान, छग के विद्यार्थी

# नर्सिंग घोटालाः मेडिकल यूनिवर्सिटी की जांच में सामने आ रहे हैं तथ्य

**जबलपुर।** क्या जिन विद्यार्थियों ने कभी कॉलेज का मुंह भी न देखा हो वे कोई डिग्री डिप्लोमा ले सकते हैं। आश्चर्यजनक किंतू इस बात को प्रदेश की एक यूनिवर्सिटी ने सच कर दिखाया हैं। जिसमें नर्सिंग जैसे विषयों के जबलपुर या प्रदेश के नहीं बल्कि बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आए उन छात्रों को भी डिग्री दे दी गई जो सिर्फ परीक्षा देने मप्र आते थे। दलालों के माध्यम से दूसरे राज्यों के विद्यार्थी नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश लेते थे। वह सिर्फ परीक्षा देने के लिए आते थे। इनमें सबसे अधिक बिहार के होते थे। कालेज संचालक इनसे मनमाना पैसा वसूलते थे। सीबीआई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) से संबद्ध ऐसे एक दो नहीं बल्कि कई कॉलेज हैं जहाँ पर यह कथित घोटाला हुआ। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में सर्वाधिक विवादित नर्सिंग कॉलेज ग्वालियर का विजय लक्ष्मी नर्सिंग कॉलेज बताया जा रहा हैं जहां संबद्धता न होते हुए भी हालहीं में विद्यार्थियों की परीक्षाएं एमपीएमएसयू प्रबंधन ने ले ली। इस मामले में एमपीएमएसयू प्रबंधन के साथ परीक्षा नियंत्रक डॉ. सचिन कुचया की भूमिका अत्यधिक संदेहास्पद नजर आ रही हैं। जो इतनी बड़ी गड़बड़ी के बावजूद मौन धारण कर बैठ गए हैं।

### एमपीएमएसयू कार्यपरिषद ने किया था संबद्धता के लिए अमान्य



एमपीएमएसयू की कार्यपरिषद की बैठक में ग्वालियर के विजय लक्ष्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी की 40 सीटों में 20 सीटें बढ़ाकर 60 सीटें करने और पीबीबीएससी में 50 सीटों का नया कोर्स प्रारंभ करने का प्रकरण आया था। कार्य परिषद सदस्य द्वारा 31 जनवरी 2023 की लाइव रिव्यू भी किया गया। विजय लक्ष्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ग्वालियर के संबंध में कार्यपरिषद कार्यपरिषद सदस्य द्वारा बैठक में विदित कराया गया कि महाविद्यालय से संबद्ध गालब सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, चितौरा रोड, ग्वालियर की मान्यता सीएमएचओ द्वारा निरस्त की गई है। कार्य परिषद सदस्य द्वारा कार्य परिषद बैठक के दौरान सीएमएचओ से दूरभाष पर इस बात की पुष्टि की गई। इसके साथ ही कार्यपरिषद के संज्ञान में यह भी आया कि महाविद्यालय में जीएनएम कोर्स का संचालन किया जा रहा है। उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार महाविद्यालय को वर्तमान में शासकीय अस्पतालों से भी संबद्धता प्राप्त नहीं है। अतः संबद्ध अस्पतालों में बैड संख्या कम होने की दशा में उक्त महाविद्यालय को संबद्धता हेतु अमान्य किया गया।

#### आईएनसी के नियमों के शिथिलीकरण के बाद खुले कॉलेज

मप्र के नर्सिंग कॉलेजों में बिहार, राजस्थान व छग के विद्यार्थी लेते थे प्रवेश, सिर्फ परीक्षा देने आते थे यह मापदंड इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) से अधिक सरल कर दिए गए, जिससे बड़ी संख्या में कॉलेज खुले। एमपीएमएसयू से लेकर स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी विजय लक्ष्मी कॉलेज सहित इस तरह के अन्य कॉलेजों की कभी जांच नहीं की। कॉलेजों में गड़बड़ी सन 2018 से बढ़ी। राज्य सरकार ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) की जगह अपने मापदंड निर्धारित किए।

#### वर्ष 2018 से बढ़ी गड़बड़ियां

बताते हैं एमपीएमएसयू प्रबंधन से लेकर स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी इस तरह के कॉलेजों की कभी जांच नहीं की। कॉलेजों में गड़बड़ी वर्ष 2018 से बढना शुरु हुई जब राज्य सरकार ने आईएनसी की जगह अपने मापदंड निर्धारित किए। यह मापदंड आईएनसी से अधिक सरल कर दिए गए, जिससे बड़ी संख्या में कॉलेज खुले। मप्र नर्सिंग काउंसिल ने मानक पूरा नहीं करने वाले कॉलेजों को भी मान्यता दे दी।

#### अधिकांश लेते थे जीएनएम कोर्स में प्रवेश

विजय लक्ष्मी नर्सिंग कॉलेज सहित अन्य नर्सिंग कॉलेजों में तय मापदंडों के साथ तो मजाक हुआ ही, ऐसे विद्यार्थियों को भी यहां से डिग्री, डिप्लोमा मिल गई जिन्होंने कभी कालेज का भवन तक नहीं देखा। फर्जी तरीके से संचालित इन कालेजों में प्रवेश के लिए सबसे अधिक विद्यार्थी बिहार, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आते थे। इनमें अधिकतर जीएनएम डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेते थे।

#### मनमाने शुल्क पर एडमीशन, डकार जाते थे स्कॉलरशिप

सूत्र बताते हैं कि नियमों के शिथिलीकरण के बाद छात्रवृत्ति के नाम पर राशि डकारने आदिवासी जिलों में कई कॉलेज खुले। प्रदेश में वर्ष 2020-21 के बाद से नर्सिंग कॉलेजों की बाढ़ सी आ गई। गड़बड़ी का ऐसा खेल चला कि कॉलेजों के जो पते दिए गए थे, वहां कहीं स्कूल तो कहीं और कुछ काम होता मिला। आदिवासी जिलों में इस दौरान खूब कॉलेज खुले। कारण, एससी-एसटी विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति थी। नर्सिंग के अलग-अलग कोर्स में एक विद्यार्थी को 30 हजार से 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलती है। इसके फेर में आदिवासी जिलों जैसे बैतूल, बड़वानी, खरगोन, धार आदि जिलों में खूब कॉलेज खुले। सीबीआई ने अपनी जांच में जिन 66 कालेजों को अनुपयुक्त बताया है, उनमें पांच बैतूल और तीन धार के हैं। इसी तरह उपयुक्त बताए गए कॉलेजों में सात बड़वानी के हैं। आदिवासी क्षेत्रों में अधिक कॉलेज खोलने की दूसरी वजह यह भी रही कि इन आदिवासी जिलों में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की सरकारी अस्पतालों में क्लीनिकल ट्रेनिंग की आसानी से अनुमति मिल जाती है।



पारा तमतमा रहा, भीषण गर्मी से जनजीवन परेशान

# प्री मानसूनी बारिश का नहीं बन रहा सिस्टम

**जबलपुर।** एक-एक दिन बारिश के इंतजार में बीत रहा है। पिछले दो दिनों से प्री मानसून बारिश के हालात बन गए हैं, लेकिन पारा तमतमा रहा है। बुधवार को फिर पारा 41 डिग्री के पार निकल गया। भीषण गर्मी से जनजीवन बेचैन है। मौसम विभाग का कहना है कि 15 जून के बाद प्री मानसून का सिस्टम डेवलपमेंट होगा और 20 जून तक प्री मानसून का सिस्टम सक्रिय होगा। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल छत्तीसगढ़ में ऊपरी हवाओं का चक्रवात बन गया है। अगले 24 घंटों के दौरान कहीं कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। फिलहाल दिन और रात का तापमान औसत से ऊपर चल रहा है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक प्री मानसून मौसम में बारिश का इंतजार किया जा रहा है। मानसून के मध्यप्रदेश में 16 जून से सक्रिय होने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बना हवा के कम दबाव का क्षेत्र उड़ीसा होते हुये मध्यप्रदेश आ सकता है। दक्षिणी हवाओं के कारण उमस बढ़ी तो रात में पश्चिमी हवाओं ने राहत दी। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 51 प्रतिशत और सायंकाल 27 प्रतिशत आंकी गई। सूर्येदय सुबह 5.24 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.57 मिनिट पर हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 6 fकिलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 42.04 और न्यूनतम 29.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

### 1 दर्जन लोगों को ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

# व्यापार में निवेश कराने के नाम पर ठगे डेढ़ करोड़

**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र में व्यापार मे रुपए लगाने और लाभ कमाने का झांसा देकर एक दर्जन लोगों से जालसाज ने कुल एक करोड़ 58 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पनागर पुलिस ने लिखित शिकायत के बाद आरोपी मुकुल जैन को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बताया गया है कि आरोपी ने 12 लोगों से लाखों में अलग-अलग राशियां लेकर व्यापार में निवेश करने के नाम पर ली और हड़प लिया।

पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर ' सिंह ने बताया कि आरोपी विद्यासागर वार्ड फुहारा चौक निवासी 26 वर्षीय मुकुल जैन ने पनागर के कई धनाढय़ व्यापारियों से व्यापार मे निवेश करने के नाम पर ठगा। 12 आवेदकों की लिखित शिकायत की जांच के बाद यह बात सामने आई कि आरोपी ने शुभम उर्फ बिट्टू खाजांची से 13 लाख उसके पिता राजेश जैन से 17 लाख, हरिशंकर दुबे से 9 लाख, सनत जैन से 3 लाख, रुपेश जैन से 16 लाख, अरिहंत जैन से 10 लाख 75 हजार, अभिषेक लोधी से 10 लाख, रवि कुमार से 8 लाख 50 हजार रुपए, राजीव चौधरी से 5 लाख रुपए हड़पे ये सभी पनागर के निवासी है। इसी प्रकार पनागर निवासी ऋषि जैन से 3 लाख, ऋषभ जैन से 6 लाख रुपया व्यापार मे निवेश कराने के नाम पर चैक लिए। इसी प्रकार कंचन विहार विजयनगर निवासी वर्षा जैन से 55 लाख, बड़ी खेरमाई पनागर निवासी अजय प्रजापति से 2 लाख 40 हजार रुपए हड़प लिए, न व्यापार का पता न ही लाभ का पता। जब लोगों को अपने साथ ठगी का अंदेशा हुआ तो पुलिस में शिकायत की गई। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने पैसा मांगने पर स्वयं के हस्ताक्षर से चैक वापस किए जो बैक में लगाने पर बाउंस हो गए। इस शिकातय की जांच पर पुलिस ने पाया कि आरोपी मुकुल जैन ने व्यापार में लाभ दिलाने का झांसा देकर कुल 1 करोड़ 58 लाख 60 हजार रुपए हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# स्कूल शिक्षा विभाग कराएगा शिक्षकों का वेरिफिकेशन

### *प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले शिक्षकों की पदस्थापना विभाग से होगी खत्म*

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने फैसला किया है कि जो शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर दूसरे विभागों में चले जाएंगे उनके पदस्थापना विभाग में खत्म कर दी जाएगी। उनके स्थान पर विभाग नए शिक्षक की पदस्थापना करेगा। इसके लिए प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देश जारी कर कहा गया है कि ऐसे पदों की स्थिति का वेरिफिकेशन कराकर उसे विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाए। विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले शिक्षकों के पदनाम के आगे स्टाप पेमेंट परमानेंट दर्ज किया जाए। इस निर्देश में यह स्पष्ट नहीं है कि जब संबंधित शिक्षक प्रतिनियुक्ति से वापस होने पर अपने मूल विभाग में पदस्थापना के लिए लौटेगा तो उसे कैसे विभाग में एडजस्ट किया जाएगा।

#### हर टीचर का होगा वेरिफिकेशन

विभाग ने कहा है कि संभाग और जिला स्तर पर अधिकारी हर विद्यालय में पदस्थ शिक्षक का फिजिकल वेरिफिकेशन कराएं। इस वेरिफिकेशन के लिए सभी विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों के नाम और अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड भी की गई है। इसमें यह भी कहा गया है कि सभी शिक्षकों की आईडी पर उनकी ई पुस्तिका प्रदर्शित होती है। इसलिए इसका प्रचार प्रसार कर शिक्षकों से उनकी पदस्थापना संबंधी जानकारी वेरीफाई कराई जाए और संशोधन हो तो परीक्षण कराकर संशोधन कराया जाए।

#### उच्च पद के प्रभार का करें अपडेशन

विभाग के निर्देश में यह भी कहा गया है कि उच्च पद का प्रभार दिए जाने के मामले में भी वेरिफिकेशन किया जाना है। जिनके आदेश आनलाइन जनरेट हुए थे और जिनके आफ लाइन या मैन्युअल आदेश जनरेट हुए हैं उनका अपडेशन करने की सुविधा संभागीय संयुक्त संचालक के लागिन पर दी गई है। यह प्रक्रिया 13 जून तक पूरी करने के लिए कहा गया है। यह भी कहा गया है कि अगर कोई टीचर इनैक्टिव है तो उस टीचर का ईकेवाईसी कराया जाए और जिला शिक्षा अधिकारी के परीक्षण के बाद पोर्टल में नाम दर्ज किया जाए।

#### 14 जून से अपलोड होंगे दस्तावेज

इधर एक अन्य आदेश कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से कराई गई उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2023 के लिए चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेज अपलोड करने, प्रोफाइल पंजीयन और शाला विकल्प के लिए 14 जून से 18 जून तक तारीख तय की गई है। इसके बाद जिला स्तर पर 21 जून से 23 जून के बीच दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

# मदन महल स्टेशन में रहेगा 4 घंटे का ब्लॉक

**जबलपुर।** दशमेश द्वार से लेकर दमोहनाका तक बनाए जा रहे फ्लाई ओवर के लिए मदनमहल स्टेशन के पास केबल स्ट्रे ओवर ब्रिज के निर्माण को लेकर रविवार 16 जून को पुनःमदन महल स्टेशन में 4 घंटे का ब्लॉक रहेगा। मदन महल स्टेशन में डाउन ट्रेक पर सुबह 8:30 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक कुल 4 घंटे का मेगा ब्लॉक रहेगा। ट्रेफिक एण्ड पावर ब्लॉक की टाइमिंग के बीच किसी भी ट्रेन का मदन महल स्टेशन के डाउन ट्रेक पर नैनपुर-जबलपुर व इटारसी - जबलपुर के बीच आगमन नहीं हो सकेगा। जबकि जबलपुर से इटारसी की ओर जाने वाली ट्रेनें बाकायदा मदन महल स्टेशन होकर गुजरती रहीं।




# रेलवे अस्पताल के वार्ड में जमा कचरे के ढेर से लगी आग

**जबलपुर।** शहर में गर्मी और आग का रिश्ता बढ़ता दिख रहा है। छोटी बढी आग की घटनाएं लगातार सामने आई हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे के इंदिरा मार्पेट स्थित केन्दीय रेल चिकित्सालय बिल्डिंग में गत देर आग लगने से हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा तुरंत नगर निगम के अग्निशमन दल को सूचित किया गया। अस्पताल में मरीजों, परिजनों और स्टॉफ की समझदारी और समन्वय के नतीजे में अग्निशमन दल के पहुंचने से पहले ही आग बुझ ली गई। जानकारों ने बताया आग का विकराल रूप लेना तय था, लेकिन सबकी समझदारी से बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल सूत्रों से मिली जानकरी के अनुसार रेलवे अस्पताल की नई बिल्डिंग के प्रथम फ्लोर पर महिला वार्ड के ऊपर बाथरूम की खिड़की के पास जमा कचरे में शार्ट सर्पिट की वजह से जमा कचरा सुलग उठा और तेज धुआं उठने के साथ ही लपटें उठने लगीं। अस्पताल में मौजूद अस्पताल के नर्सिंग स्टॉफ के



कर्मचारी अरशद खान ने कांच तोड़कर फायर सिस्टम (एक्सटिंगुइशर) लेकर वहां पहुंच गए जहां पर आग लगी हुई थी। अरशद के पीछे अस्पताल के अन्य कर्मचारी अनिल कुमावत,श्रवण सिंह, डॉक्टर सौरभ शर्मा, धीरज कुमार एवं अन्य सभी स्टॉफ पहुंचे और आग पर काबू पाया। घटना के बाद बुधवार को अस्पताल विशेष सफाई अभियान चलाया गया, हर तरह के कचरे को अस्पताल से साफ कराया गया।

# रोजागारोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर रादुविवि ने दिया जोर

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। यहां कई विषयों में छात्रों की भीड़ है तो कई विभाग खाली पड़े हैं। अब तब अलग अलग कोर्स में हजार से ज्यादा विद्यार्थी प्रवेश के लिए अपना पंजीयन करवा चुके हैं। नोडल अधिकारी आनलाइन सेंटर डा.आर के गुप्ता ने बताया कि बीएएलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, एमबीए एक्सक्यूटिव, बीबीए, एमए इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बीए इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इन इंग्लिश, एमएससी फिजिक्स, एमएससी इन बायोटेक्नोलाजी, एमएससी माइक्रोबायोलाजी, एलएलएम की काफी मांग बनी हुई है। इसके लिए लगातार विद्यार्थी पूछताछ कर रहे हैं। इसके अलावा एलएलबी और बीएएलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश की सीटें भर चुकी हैं। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने बीएससी, बीकाम, बीए से जुड़े कई ग्रुप सिर्फ विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग में संचालित किए जा रहे हैं, ये ग्रुप किसी अन्य कालेज में संचालित नहीं किए जा रहे हैं।

**शैक्षणिक सत्र 24-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## संयुक्त टीम का शाहपुरा में छापा रेत खनन और भंडारण पर कार्रवाई

# खनिज माफिया पर जिला प्रशासन ने कसा शिकंजा

जबलपुर।

लगातार मिल रही शिकायतों और खनिज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों का जबाब अब प्रशासन ने देना शुरू कर दिया है। बीते चार दिन से खनिज विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही की जा रही है इससे खनिज माफिया में हड़कंप देखा जा रहा है।जिला खनिज अधिकारी ने बताया की कलेक्टर के निर्देशन में तथा उपसंचालक खनिज एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शाहपुरा के मार्गदर्शन में खनिज, राजस्व तथा पुलिस थाना शाहपुरा के संयुक्त अमले के द्वारा तहसील शाहपुरा अंतर्गत नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नीमखेड़ा तथा झांसी घाट क्षेत्र में स्वीकृत रेत खदान के संचालकों को शासन निर्देशों के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही ग्राम नीमखेड़ा के शासकीय रकबे के अंश भाग में लगभग 60 घन मीटर रेत बिना अनुमति के अवैध रूप से भंडारित होने के कारण लावारिस रूप से जप्त ग्राम कोटवार के सुपुर्द की गई। ज्ञातव्य हो की खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज गतिविधियों में विगत सप्ताह से अभियान चलाया जा रहा है जो भविष्य में भी जारी रहेगा। कार्यवाही नायब तहसीलदार शाहपुरा कल्याण सिंह क्षत्रिय, थाना प्रभारी शाहपुरा जितेंद्र पाटकर, खनि निरीक्षक शिवपाल सिंह,राकेश देशमुख मय पुलिस बल उपलब्ध रहा।



# विद्युत कंपनियों को अनुदान का अग्रिम भुगतान किया जाए

## विद्युत अधिनियम का हवाला देकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

जबलपुर।

सस्ती बिजली के भरपाई हेतु 24 हजार 420 करोड़ के अनुदान की राज्य सरकार द्वारा की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि राज्य सरकार को इस अनुदान की राशियां अग्रिम रुप में विद्युत वितरण कंपनियों को देना चाहिए, क्योंकि विद्युत अधिनियम 2003 के धारा 65 में स्पष्ट अनिवार्य निर्देश है कि यदि राज्य सरकार राहत देना चाहती है तो उस राहत की आर्थिक भरपाई की राशियां बिजली कंपनियों को अग्रिम रुप से करना पड़ेगा। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि पूर्व में राज्य सरकार ने हमेशा इस अनिवार्य शर्त की अनदेखी की है। अनुदान की घोषित राशियां भी पूरी नहीं दी गई है। नतीजन राज्य सरकार पर पुराना लगभग 13 हजार करोड़ का बकाया है। मंच ने बताया कि राज्य सरकार के ऐसे दोषी कार्रवाईयों के कारण वितरण कंपनिया आर्थिक तंगी से डूबी रहती है, अंततः इसका खामियाजा विद्युत उपभोक्ताओं पर बिजली के रेट बढ़ाने से भुगतना पड़ता है। उक्त आशय का पत्र मुख्यमंत्री, मप्र शासन, भोपाल को प्रेषित किया गया है।



# विजय कार्यकर्ताओं को समर्पितः आशीष दुबे

**जबलपुर। जबलपुर लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद आशीष दुबे का बुधवार को दिल्ली से संस्कारधानी जबलपुर प्रथम आगमन हुआ। उनके आगमन पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर नगर एवं ग्रामीण कार्यकर्ताओं के द्वारा डुमना विमानतल पर ऐतिहासिक भव्य स्वागत किया गया।**

आशीष दुबे ने मदन महल स्थित दद्दा परिसर में कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में अथक परिश्रम कर भाजपा को ऐतिहासिक मतों से विजय दिलाई इतनी भीषण गर्मी के बावजूद प्रचंड जीत इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जनता का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त किया है मोदी जी के विकास के कामों को जन जन तक पहुंचाया है। आशीष दुबे ने कहा कि आज जब मैं जबलपुर आया तब मुझे आवास नहीं था इतना भव्य स्वागत होगा मेरी सर्वप्रथम मनसा यही थी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करूं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जानकारी उन्होंने पिछले 10 वर्षों में देश में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना की बात हो, उज्जवला योजना की बात हो, किसान सम्मान निधि की बात हो या जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की बात हो आदरणीय मोदी जी गरीब कल्याण का इतिहास पिछले 10 वर्षों में रचा है। जबलपुर की इस ऐतिहासिक जीत को कार्यकर्ताओं को समर्पित समर्पित करना चाहता हूं तो भारतीय जनता पार्टी की प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पित करना चाहता हूं क्योंकि कार्यकर्ता ही है जो पार्टी की रीति नीति को नीचे तक ले जाने का काम करता है। उसका सुखद परिणाम यह होता है कि जनता जनार्दन को पता होता है योजनाओं का लाभ भाजपा के द्वारा प्राप्त हो रहा है।

नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता ने बूथ बूथ में जाकर इस तरह कार्य किया कि सरकार की समस्त योजनाओं को जनता के बीच में हमने पहुंचाने में सफलता हासिल की और सर्वाधिक मतों से विजय हासिल लगभग 4 लाख 84 हजार मतों से विजय हासिल की इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदू, नीरज सिंह, संतोष बड़कड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री शरद जैन, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, नंदिनी मरावी, अखिलेश जैन, राममूर्ति मिश्रा, रत्नेश सोनकर, पंकज दुबे, अश्विनी परांजपे, रूपा राव, अल्का गर्ग, राजेश दहिया, अभय सिंह ठाकुर, संदीप शुक्ला, रोहित जैन, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा कुमार नीरज शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं स्नेहीजन उपस्थित थे।



# एक कमरे में संचालित हो रहा विधि महाविद्यालय

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध सेंट्रल इंडिया लॉ कॉलेज की मान्यता की जांच करने एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलसचिव कुलपति द्वारा माप दंड पूर्ण किए बिना महाविद्यालय को संचालित करने की अनुमति देने के विरोध जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिशन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कर सेंट्रल इंडिया लॉ कॉलेज संचालित किया जा रहा है, जो की रानीताल के पास वर्तमान में स्थित है जो की सिर्फ एक दो कमरे में संचालित हो रहा है। अंकुश चौधरी, राहुल अगरिया, रोहित कुरील, एड मोहित प्यासी, आशीष चौकसे, मोहित प्यासी, अभिरूप चंसोरिया, पुनीत चौबे, रोहित नामदेव, रोबिन जैन, एड नितिन पटेरिया, सुरेंद्र शर्मा, पवन रैदास, एड इरफान, मयंक झंकार, कृष्ण कांत दुबे, विवेक तामरकर, अरविंद सेन, तुषार यादव ने मांग की है कि ऐसे कॉलेज को मान्यता देने वाले विश्विद्यालय के उन अधिकारियों के ऊपर सख्त करवाई की जाए।



## वन समिति की संभागीय बैठक

**जबलपुर।** संभागीय आयुक्त अभय वर्मा की अध्यक्षता में वन सीमा के 250 मीटर की परीधि में प्राप्त खनि रियायतों के आवेदनों के निराकरण के लिये वन समिति की संभागीय बैठक आयोजित की गई। जिसमे में राजस्व और निजी भूमियों पर खनि रियायत के आवेदन के निराकरण हेतु अनुमति के संबंध में संभाग के जिलों के 13 प्रकरण पर विचार किया गया। जिसमे जबलपुर के तीन, कटनी के तीन, मंडला के दो, डिंडोरी के दो, बालाघाट के दो और पांडुर्णा जिले के एक प्रकरणों को सम्मिलित किया गया। समिति द्वारा वीसी के माध्यम से अन्य जिलों के अधिकारियों से मंथन कर सशर्त आठ प्रकरणों में सहमति प्रदान की गई। शेष प्रकरणों में पुनः निरीक्षण कर आगामी बैठक में रखें जाने का निर्णय लिया गया। संभागीय समिति में सीसीएफ कमल अरोरा, डीएफओ जबलपुर ऋषि मिश्रा, एडीएम नाथूराम गोंड, उपसंचालक खनिज आरके दीक्षित व प्रभारी अधिकारी माइनिंग कॉर्पोरेशन जितेंद्र चंदेल उपस्थित रहे।

## कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज एव खाद उचित स्तर पर प्राप्त हो सके, इसके लिये कृषि विभाग सजग है तथा अधिकरियों के द्वारा निरन्तर कृषि आदान सामग्री विक्रेताओ के प्रतिष्ठानो का औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा जहाँ भी कमियाँ मिलती है उनको नोटिस जारी कर उन पर कार्यवाही की जा रही है। इसी श्रृखंला में पाटन विकासखंड के विभिन्न कृषि आदान विक्रेताओ के प्रतिष्ठानो का औचक निरीक्षण सहायक संचालक कृषि कीर्ति वर्मा एवं जिला परामर्शदाता मुकेश मीणा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान गणेश फर्टीलाइजर एवं राहुल कृषि केन्द्र का गोदाम में भंडारित खाद का पी.ओ.एस. मशीन से मिलान किया गया। गणेश फर्टीलाइजर द्वारा पी.सी. जुडवाये बगैर बीज का भंडारण किया गया था। अत उनको नोटिस जारी कर ऐसा न करने की हिदायत दी गई।जिला स्तरीय गठित दल के दौरे की जानकारी लगते ही कई विक्रेताओ द्वारा जाँच से बचने के लिये अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिये गये। ऐसे प्रतिष्ठान पचौरी कृषि केन्द्र पाटन, माँ रेवा कृपा कृषि केन्द्र पाटन, शिवशक्ति कृषि केन्द्र पाटन, किसान एग्रो सीड्स पाटन, माँ अमृता एग्रो एंड सेल्स पाटन, पारस बीज भंडार पाटन, प्रशान्त बीज भंडार पाटन एवं अरविन्द बीज भंडार पाटन प्रतिष्ठानो में नोटिस चस्पा किये गये तथा उनको तीन दिवस के अंदर अपने समस्त रिकार्ड के साथ उप संचालक कृषि कार्यालय में उपस्थित होने की हिदायत दी गई, ऐसा न करने पर उनके लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जावेगी।इसके बाद दल के द्वारा प्रगति सीड्स के ग्रेडर यूनिट का निरीक्षण किया गया तथा समिति द्वारा उत्पादित बीज का संपूर्ण रिकार्ड देखा गया तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीकान्त यादव द्वारा बीज के सेंपल लिये गये और गुणवत्ता परीक्षण के लिये प्रयोगशाला भेजे गये। बीज उत्पादन समिति द्वारा किसानो के यहाँ लिये गये बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं उनके द्वारा उत्पादित बीज की मात्रा एवं ग्रेडिंग के बाद पैकिंग के लिये तैयार बीज की मात्रा के स्टाक का मिलान किया गया तथा बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा फेल किये गये लॉट की जानकारी मौके पर तुरंत उपलब्ध नही कराने के कारण उक्त जानकारी उप संचालक कृषि कार्यालय में दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।



## भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिये प्रभावी कदम उठाये : सीईओ जिला पंचायत

**जबलपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह की अध्यक्षता में भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिये चलाये गये अभियान की समीक्षा की गई। अभियान अंतर्गत 06 दलों का गठन किया गया था। जिसमें अलग-अलग दल द्वारा मालवीय चौक, शास्त्री ब्रिज चौक, नगर निगम चौक, नागरथ चौक, पेंटी नाका चौक, केंट चौराहा, रामपुर चौक, शारदा चौक, छोटी लाईन चौक, दीनदयाल चौक, दमोहनाका चौक, गोहलपुर चौक, आधारताल चौक, रद्दी चौकी, गोहलपुर चौक, रांझी, शीतलामाई मंदिर, कांचघर आदि स्थलों पर सर्वे अभियान चलाया गया। सर्वे दलों द्वारा अभियान के दौरान 261 बच्चों को चिन्हित किया गया। अभियान के दौरान प्रमुख स्थानों पर भिक्षावृत्ति रोकथाम के संबंध में होर्डिंग लगाये गये, इसके साथ ही सोशल मीडिया फेसबुक, वाटसग्रुप आदि पर भिक्षावृत्ति रोकथाम का प्रचार किया गया है। साथ ही स्मार्ट सिटी के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नलों पर आडियो क्लिप के माध्यम से प्रचार किया गया। सीईओ श्रीमती सिंह द्वारा प्रत्येक दल से अभियान के दौरान की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। उन्होंने दलों द्वारा चिन्हांकित बच्चों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने के लिये निर्देशित किया गया ताकि बच्चों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही शाला त्यागी बच्चों को नवीन शैक्षणिक सत्र में शाला में प्रवेश दिलाये जाने के लिये निर्देश दिये। साथ ही सर्वे के दौरान पाये गये भिक्षावृत्ति के हॉटस्पॉट क्षेत्रों जैसे सूरतलाई, नटबस्ती में बच्चों को परामर्श सत्र आयोजित करने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के लिये सभी विभागों के साथ मिलकर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्रों के संबंधित परिवार को बार-बार भिक्षावृत्ति न किये जाने के लिये समझाईश दिये जाने के उपरांत भी प्रवृत्ति में सुधार न होने पर किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 76, 77 के तहत कानूनी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

# मोहब्बत के साथ मनाएं जाएंगे त्योहार

**जबलपुर।** ईदुज्जुहा, मोहर्रम और गुरू पूर्णिमा के त्यौहारों के मद्देनजर आज पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसे मुद्दों पर अपने सुझाव दिये तथा संस्कारधानी की गौरवशाली परंपरा के अनुसार इन त्यौहारों को शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारे से मनाने की अपील शहरवासियों से की। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, प्रदीप शेडे, सूर्यकांत शर्मा एवं सोनाली दुबे, सभी एसडीएम एवं सीएसपी, नगर निगम एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के

### शांति समिति की बैठक

अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्यों में श्री एस.के मुद्दीन, मुकेश राठौर, साबिर उस्मानी, शरद राबरा, एम ए रिजवी, प्यारे साहब, ताहिर खान, शरण चौधरी, शाबान मंसूरी, मुबारक कादरी आदि मौजूद थे। शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में तीनों त्यौहारों में सबसे पहले आने वाले ईदुज्जुहा पर की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विचार रखे। सदस्यों ने ईदगाह सहित सभी धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इसके साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति बनाये रखने का सुझाव भी शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिया गया। सदस्यों ने ईदुज्जुहा पर पानी की अतिरिक्त आपूर्ति करने तथा मुस्लिम बस्तियों खास तौर पर कुर्बानी के स्थानों पर टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह प्रशासन से किया। शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि ईदुज्जुहा पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कचरा संग्रहण में लगे वाहनों के अतिरिक्त फेरे भी लगाये जायें ।

## गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने के होगें प्रयास

# शहर में 12 लाख पौधे लायेंगे हरित क्रांति : महापौर

जबलपुर।

शहर को स्वच्छ और शहर में हरित क्रांति लाने के लिए नगर निगम द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। महापौर ने कहा कि जबलपुर को ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी बनायेंगे, शहर में हरित आवरण के लिए 12 लाख पौधे बाल्मीकी पद्धति से लगाए जायेंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू यहां स्मार्ट सिटी के कार्यालय के सभागार में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। पत्रकारो से चर्चा करते हुए महापौर अन्नू ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 45 विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि मानसून आगमन के दौरान माह जून से सितम्बर तक एक लाख अर्थात 25 हजार प्रत्येक महिने एवं अक्टूबर में माह के दशहरा से दीपावली के मध्य एक साथ 11 लाख पौधे संस्कारधानी में वाल्मीकि पद्धति के द्वारा लगाये जायेगें। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि बाल्मीकी पद्धति के द्वारा लगाये गए पेड़ स्वयं अपना विकास करते हैं और 3 वर्ष के भीतर विकसित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि पद्धति में उपयोग किये जाने वाले पौधे ज्यादातर आत्मनिर्भर होते हैं और उन्हें खाद एवं जल देने जैसे नियमित रख-रखाव की ज्यादा आवश्यकता नहीं होती है।इन वनों के लिये उपयोग किये जाने वाले कुछ सामान्य स्थानीय पौधों में नीम, करंज, शहतूत, सप्तपर्ण, हर्रा-बहेड़ा, अंजन, अमला, बेल, अर्जुन और गुंज शामिल हैं। पौधे लगाते समय कैमिकल रहित आरगैनिक फर्टिलाइजर का इस्तेमाल किया जाता है। ये वन नई जैव-विविधता और एक पारिस्थिति तंत्र को प्रोत्साहित करते हैं जिससे मृदा (मिट्टी) की उर्वरता में वृद्धि होती है।



### पौधे बचाने किये जायेगें ये उपाय

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि में बाल्मीकि पद्धति से 12 लाख जो पौधे लगाये जायेगें, उसे बचाने के लिए फेसिंग, बोरिंग, खाद का बेड बनाने, रेन गन का इस्तेमाल करने के अलावा कैमरों से निगरानी रखी जायेगी। इन सब उपायों के अलावा आम नागरिक वेवसाइट के माध्यम से भी इसकी निगरानी कर प्रगति की जानकारी ले सकते हैं। पौधों के रखरखाव एवं देख भाल के लिए सूक्ष्म तरीके से एक साल तक नियमित रूप से मेन्टेनेंस का कार्य भी तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा कराया जायेगा।

### गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के होंगे प्रयास

पत्रकारों से चर्चा के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने बताया कि 12 लाख पौधे लगाने का यह महाभियान के सभी नागरिकों की सहभागिता से पूर्ण कराया जायेगा। महापौर एवं निगमाध्यक्ष ने यह भी बताया कि इस महाभियान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने के प्रयास भी किये जायेगें।

### ई-प्रमाण-पत्र से करेंगे प्रोत्साहित

महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कारधानी के वातावरण को हरियाली से परिपूर्ण करने के इस महा अभियान में जो भी नागरिक, संस्था, सहयोग प्रदान कर पौधे का रोपण कर उन्हें विकसित करेंगे और सहभागिता दर्ज करवायेगें। उन्हें नगर निगम की ओर से प्रोत्साहन और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ई-प्रमाण-पत्र दिया जायेगा।

### ये रहे उपस्थित

प्रेसवार्ता में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के साथ-साथ निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, एवं कार्यपालन यंत्री आदित्य शुक्ला, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## कटरा रमखिरिया मामले में एक सप्ताह बाद कार्यवाही

# भाजपा नेता सहित 3 पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**अब क्या कार्यवाही करेगी भाजपा अपने नेता के ऊपर**

**सिहोरा।** स्थानीय प्रशासन के गले की फॉस बन चुके कटरा रमखिरिया हादसे में बढ़ते राजनीतिक दबाव के बाद आखिरकार गोसलपुर पुलिस ने भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी,सोनु भदौरिया सहित एक अन्य पर धारा 304, 308, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

विदित हो सिहोरा तहसील अंतर्गत ग्राम कटरा रमखिरिया में रेत की अवैध खदान के धसकने से जहां 3 लोग असमय काल के ग्रास बन गये वहीं अन्य 6 लोग घायल हो गये थे।जमीनी पड़ताल में यह बात सामने आ रही थी की मन्दिर निर्माण के नाम पर विगत पांच वर्षों से रेत का अवैध उत्खनन राजस्व,माइनिंग एंव पुलिस की मौन स्वीकृति के साये में फल फूल रहा था।

हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद भी प्रशासन के ढुलमुल रवैए से व्यथित ग्रामीण एवं परिजनों ने मामले की शिकायत जबलपुर एस पी सहित आला अधिकारियों से की वही मामले में भाजपा नेता की कथित संलिप्तता के बाद कांग्रेस एंव बहुजन समाज पार्टी द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग से गरमाई राजनीति के चलते पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध खदान के धसकने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध 304,308,34 आईपीसी गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### घाट सिमरिया में हुई कार्यवाही

माइनिंग अधिकारी दीपा वारेवर से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन पर लगातार कार्यवाही जा रही है आज भी घाट सिमरिया पुल के नीचे बड़े गड्ढे का समतलीकरण कराया गया है। नगर में चर्चा सरगर्म है की आखिर अब भारतीय जनता पार्टी का संगठन मुकदमा दर्ज होने के बाद अपने नेता के ऊपर क्या कार्यवाही करता है।

### बकाया राशि वसूलने हेतु विद्युत कम्पनी ने चलाया विशेष अभियान

**सिहोरा।** विद्युत कम्पनी सिहोरा के अतर्गत बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली,लाइन विच्छेदन,व्यक्तिगत संपर्क करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न वितरण केन्द्रों गोसलपुर मझौली, मझगवां, सिहोरा ग्रामीण, सिहोरा शहर, खितोला और इंद्राना में वसूली की गई। विद्युत का अनाधिकृत उपयोग करने बाले उपभोक्ताओं के परिसरों का निरीक्षण किया गया, जिसके तहत 13 न. भार वृद्धि के प्रकरण, धारा 135 के अंतर्गत 47 तथा धारा 138 के तहत 02 प्रकरण तैयार किये गये। डी. आर.ए. के तहत कार्यवाही हेतु 3022 उपभोक्ताओं की नोटिस वितरण किये गये। उपरोक्त अभियान के तहत 16175 उपभोक्ताओं 100 करोड तथा 621 कृषि उपभोक्ताओं से 9.00 लाख रु. की वसूली की गयी साथ ही वी.आर.ए के तहत 480 उपभोक्ताओं से 42.65 लाख की वसूली की गई। ऐसे 17 उपभोक्ता जिनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया उनके लाइन काटी गई। उक्त अभियान में गोसलपुर वितरण केन्द्र प्रभारी श्री रमेश सिन्हा द्वारा बताया गया कि स्थायी विच्छेदित उपभोक्ताओं में से 07 नं. उपभोक्ताओं से 0.5 लाख की वसूल की गई।

# दिव्यांग बालिकाओं का किया गया त्वरित पुर्नवास



**जबलपुर।** प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, जबलपुर के माध्यम से म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के संज्ञान में आया कि स्नेह निकेतन (दिव्यांग बालिकाओं) संस्था में निवासरत बालिका कुमारी लिया, उम्र-15 वर्ष एवं कुमारी स्नेहा, उम्र 16 वर्ष 09.01. 2024 को बाल कल्याण समिति सागर के आदेश से प्रवेशित हुई थी, उक्त दोनों बालिकाएं बीमारी से ग्रसित होकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से बहुत ही कमजोर हैं, जिनके इलाज हेतु उचित मेडिकल देखभाल की आवश्यकता थी। जिस कारण दोनों दिव्यांग बालिकाओं को बाल कल्याण समिति सागर के आदेशानुसार अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम उज्जैन, भेजा जाना था, किंतु बालिकाओं को अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम उज्जैन, नहीं भेजा जा सका था। स्नेह निकेतन संस्था में इन बालिकाओं की देखरेख की कोई उचित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें संस्था में अत्यंत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग बालकों के संबंध में योजना तैयार की गई है, जिसमें दिव्यांग बालकों के बचाव, पुर्नवास, विधिक प्रतिनिधित्व इत्यादि से संबंधित विभिन्न प्रावधान उपलब्ध कराये गये हैं।

उक्त योजना के तारतम्य में न्यायमूर्ति शील नागू, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हस्तक्षेप किया जाकर त्वरित रूप से कार्यवाही की गई। उक्त दिव्यांग बालिकाओं के संबंध में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन एवं जबलपुर से संपर्क स्थापित कर बालिकाओं को उज्जैन भिजवाने हेतु प्रयास किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं उज्जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयास से दोनों बालिकाओं को दिनांक 12 जून को वातानुकूलित एंबुलेंस के माध्यम से अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम उज्जैन भिजवाया गया।



# जल गंगा सवर्धन अभियान : ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**मझौली।** जल गंगा सवर्धन अभियान को जन जन पहुंचाने के लिए और ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो को जल का महत्व बताने और पर्यावरण संरक्षण के विषय पर जागरूक करने ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन जनपद पंचयात मझौली मे किया गया।बैठक की अध्यक्षता मुख्यकार्यपालन अधिकारी मझौली द्वारा की गई।कार्यक्रम मे जनपद पन्चयात मझौली के सभी अधिकारीयो और जन अभियान परिषद मझौली के सभी प्रतिनिधियों से नमामि गंगे अभियान और जल गंगा अभियान को जन जन पहुंचाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम मे श्रीमती तृप्ती मिश्रा, स्वेता निगम, अंकिता दुबे, श्रीप्रकाश पाण्डेय, विजय यादव, सोनवानी, नीरज दुबे, अंकिता दुबे, सुलभ मिश्रा, सतीश पाठक, मुकेश साहू, सरन पटेल, सचिन तिवारी सहित जनपद पंचयात मझौली के सभी अधिकारी और जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्थाओ के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज कर रहा 100 रूपये में स्तन कैंसर की जांच

**जबलपुर।** स्तन कैंसर पर प्रारंभिक स्तन कैंसर के रोगियों में सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी की तकनीक का भारत का सबसे बड़ा क्लिनिकल ट्रायल (फ्लूसेंट), सर्जरी विभाग, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज, जबलपुर द्वारा किया जा रहा है। पहले से ही, मेडिकल कॉलेज के तहत इस क्लिनिकल ट्रायल में एम्स दिल्ली एम्स पटना, एम्स बिलासपुर, नेपाल और बांग्लादेश सहित भारत के 15 संस्थान भाग लेंगे। डीन प्रोफेसर नवनीत सक्सेना, जो मेडिकल कॉलेज की अनुसंधान इकाई की कार्यकारी समिति के प्रमुख भी हैं, ने ज्वाइनिंग के समय कहा था कि अनुसंधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक होगा और अब मेडिकल कॉलेज स्तन कैंसर में सबसे बड़े नैदानिक परीक्षणों में से एक का नेतृत्व कर रहा है। . इस परीक्षण के प्रमुख अन्वेषक, स्तन, थायराइड और एंडोक्राइन सर्जन डॉ. संजय कुमार यादव ने कहा कि हम बहुत कम लागत वालि डाइ का उपयोग करके प्रारंभिक स्तन कैंसर के लिए सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी का मूल्यांकन करेंगे। इससे स्तन कैंसर एसएलएनबी सर्जरी की लागत में काफी कमी आई है। सामान्य लागत 5000-30000 के बीच कहीं भी हो सकती है लेकिन यहां इसकी कीमत 100 रुपये से भी कम है। डॉ. संजय मध्य भारत में इस तकनीक के अग्रणी हैं। सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने कहा कि हमारा ध्यान हमेशा ऐसे शोध पर रहता है जो सस्ता हो और सबसे गरीब मरीजों के लिए सबसे उपयोगी हो। मेडिकल कॉलेज मध्य भारत में स्तन कैंसर अनुसंधान के शीर्ष केंद्रों में से एक बन गया है और अधिकांश अनुसंधान सबसे कम लागत पर उन्नत स्तन कैंसर इलाज पर केंद्रित हैं। डॉ. संजय कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष अगस्त में मलेशिया में होने जा रहे वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ सर्जरी में हमारे चार शोध अध्ययनों का चयन हुआ है और उनमें से तीन को प्रतिष्ठित ट्रैवल फेलोशिप भी मिली है। डॉ. यादव ने यह भी बताया कि सभी उन्नत स्तन कैंसर सर्जरी जैसे ऑन्कोप्लास्टिक स्तन सर्जरी, स्थानीय फ्लैप का उपयोग करके स्तन पुनर्निर्माण, सेंटिनल लिम्फ नोड बायोप्सी, एंडोस्कोपिक निपल स्पेयरिंग मास्टेक्टॉमी आदि की सुविधाएं सर्जरी विभाग में मुफ्त उपलब्ध हैं।




# अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में डॉ.प्रतीक्षा सेन ने जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया

**जबलपुर।** रामनगर, उत्तराखंड में तृतीय अखिल भारतीय ज्योतिष समागम का भव्य आयोजन हुआ, जिसमे देश भर के विद्वान ज्योतिषाचार्यो ने शिरकत की, 3 दिवसीय इस ज्योतिष समागम में जबलपुर से ज्योतिषाचार्य डॉ. प्रतीक्षा सेन ने जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए हस्त रेखा शास्त्र पर अपना ज्ञानवर्धन उद्बोधन प्रस्तुत हुए हस्त रेखा विषय की व्याख्या को सरलता से प्रस्तुत किया विगत 20 वर्षो से अनवरत ज्योतिष के क्षेत्र में डॉ. प्रतीक्षा सेन जी के उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया यह जबलपुर के लिए ज्योतिष शास्त्र में उपलब्धि है। कार्यक्रम में दूधेश्वर पीठाधीश्वर, पंच दशनाम जूना अखाड़ा अंतराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिन्दू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### संकुल स्तर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराई जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शिक्षा विभाग में कार्यरत लोकसेवकों की सालाना जारी की जाने वाली जीपीएफ स्लिप प्रत्येक संकुल के माध्यम से मिलनी चाहिये, परन्तु देखा जा रहा है कि लोकसेवकों को अपनी जीपीएफ स्लिप खुद डाउनलोड करके निकालना पड़ती है। कई बार कर्मचारियों से गलती के कारण स्लिप मिस हो जाती है या फिर गुम जाती है, तो दुबारा प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यदि संकुल के माध्यम से लोकसेवकों को जीपीएफ स्लिप मिलेगी तो लोकसेवकों को जरूरत पड़ने पर स्लिप आसानी से उपलब्ध हो सकती है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्ररहीम, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, सुधीर अवधिया आदि ने महालेखाकार अधिकारी ग्वालियर से मांग की है कि संकुल स्तर पर जीपीएफ स्लिप उपलब्ध कराई जाए।

## श्रमदान से चमक उठा चेरीताल का जीर्ण शीर्ण कुआं

# प्राचीन जल स्त्रोंतों को पुनर्जीवित करना आवश्यक

**जबलपुर।** प्राचीन कुएं बावड़ी तालाब ने हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण अंग जल की आपूर्ति की, जैसे हम परिवार में वरिष्ठ जनों को संभालते संजोते हैं वैसे ही हमें प्राचीन जल स्त्रोंतों को पुनर्जीवित करने में निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए, जल स्त्रोंतों में गंदगी करने से रोकने हर स्तर पर प्रयास होना चाहिए, सामाजिक भागीदारी से आने वाले समय में भीषण जल संकट से निपटने के लिए वर्षा जल संग्रहण करना चाहिए, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम वर्तमान की आवश्यकता है उक्त उद्गार वक्ताओं ने चेरीताल वार्ड में प्राचीन खेरमाई में जीर्ण शीर्ण हो चुके कुएं में श्रमदान,साफ-सफाई के साथ जीर्णेद्धार कार्यारंभ में कहे।



### जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चेरीताल वार्ड क्रमांक 27 में प्राचीन खेरमाई मंदिर के जीर्ण शीर्ण हो चुके कुएं में श्रमदान,साफ-सफाई के साथ जीर्णेद्धार कार्यारंभ विधायक डॉ अभिलाष पांडे के नेतृत्व में पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर, कमलेश अग्रवाल, जोन अध्यक्ष अतुल जैन दानी, नगर मंत्री राधवेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष योगेश बिलोहा, राजकुमार गुप्ता, रमेश रैकवार, नरेंद्र साहू, महिला मोर्चा मंत्री कल्पना तिवारी,राजेन्द्र व्यौहार, नरेंद्र खरे आदि उपस्थित रहे।

## गढ़ मंडला बावनगढ़ के पचेलगढ़ राजा भंडरा परिवार की कुल देवी



**सिहोरा।** ग्राम खलरी में चंडी दाई मढिया में परिवार की कुल देवी चंडी दाई एवं बड़ा देव पूजन का कार्यक्रम 8 एवं 9 जून को आयोजित किया गया जिसमे दूर दूर से हजारों की संख्या में सामाजिक गैर सामाजिक लोग उपस्थित हुए। पूजन पूर्ण रूप से गोंडी परंपरा के अनुसार की गई।जिसमे भंडरा राजा मरावी परिवार के मुखिया राजा लाखन सिंह,योगेश्वर सिंह, सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े,पूर्व विधायक लखनादौन शशि सिंह,लोकेश सिंह,नीलेश प्रताप सिंह,चंद्रेश,शशांक,ब्रजेश सिंह,अमर सिंह,विनोद सिंह,भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद अग्रवाल,वीरेंद्र पटेल,प्रमोद पटेल,चंचल मोदी,गोंड समाज महासभा सिहोरा से तहसील अध्यक्ष नवनीत सिंह,सुशील सिंह मरावी,महिला प्रकोष्ठ से अंजना मरकाम एवं अन्य स्वजातीय बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित हुऐ।

## रांझी में बदमाशों ने कुल्फी वालें को मारा, ठेला पलटाया

# मांडवा बस्ती में मजदूर पर बदमाशों ने किया चाकू से वार

**जबलपुर।** गोरखपुर और रांझी थाना अतंर्गत शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया और एक युवक का कुल्फी का ठेला पलटा कर ठेला क्षतिग्रस्त कर दिया।



गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडवा बस्ती टेंडर 02 एल 15 रामपुर निवासी 28 वर्षीय मजदूर अंकित चौरसिया गत रात करीब 9.30 बजे जोगनी माता मंदिर के पास किराना दुकान से घर जा रहा था, तभी दो बाईक में चार अज्ञात लड़के आए और गालीगलौज करते हुए तू मांडवा बस्ती का बड़ा गुंडा बनता है कहते हुए गालियां देने लगे, मना करने पर अज्ञात चारों लड़के शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने की बात पर दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया और दो लड़को ने चाकू से उसके दोनों जांघों, कमर, घुटने, हाथ व सिर पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 341, 294, 323, 327, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।


इसी प्रकार रांझी में अन्ना बाबा के घर के सामने बड़ापत्थर निवासी 23 वर्षीय आशीष चौधरी किराए का ठेला लेकर मटकी वाली कुल्फी फेरी लगाकर बेचता है। गत रात करीब 10.30 बजे आशीष चौधरी मनमोहन जेपी मेमोरियल स्कूल के पीछे कुल्फी का ठेला लेकर पहुंचा तभी वहां अमन केवट मिला और शराब पीने के लिए 200 रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर अमन ने उसे झापड़ मारा और कुल्फी का ठेला पलटा कर कुल्फी गिरा दिया और ठेले में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पहले भी अमन ने धमकाकर उससे 200 रुपए ले लिए थे जो उसने अब तक नहीं दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट धारा 327, 294, 323, 506, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ-साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 56 पाव देशी अंग्रेजी 29 लीटर कच्ची शराब और दो बका जब्त किये है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 14 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 40 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 14 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षे से फरार 2 गैरम्यादी, 3 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 9 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 56 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 29 लीटर कच्ची शराब, जब्त की गयी तथा दो व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 2 बका जब्त किये गये।

### "रुक जा ए हवा" संगीत संध्या में गूंजी स्वर लहरियां

**भोपाल।** "रुक जा एक हवा" संगीत संध्या में गूंजी स्वर लहरियां, जिनमें रुक जा एक हवा..., ओम शांति ओम..., अब तेरे बिन.., आ जा सनम.., पर्दा हटा दो..., जैसे प्रसिद्ध फिल्मी गीतों से शहीद स्मारक ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा, जहां एक से बढ़कर एक गीत श्रोताओं की पसंद के गाये गए। समाज म्यूजिकल आर्म्स एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस संगीत संध्या में प्रसिद्ध गायिका रूमा बैनर्जी के साथ ही किशोर कथूरिया, चन्द्रशेखर, अतुल तिवारी, दीपेन्द्र, मो. रफीक, जितेन्द्र, पल्लवी, रश्मि, प्रांजलि, रूमा भट्टाचार्य, नेहा राजपूत, अक्षदा, अमित पांडेय, दीपक पुरोहित, भास्कर ने प्रस्तुति दी, वाद्य यंत्र पर अनिकेत देवक ग्रुप ने समा बांधा।




**श्री नितिन विश्वकर्मा-** छोटी ओमती निवासी डॉ. अरविंद विश्वकर्मा के भतीजे, धीरज (चंदू) के बड़े भाई तथा स्व. उदयचंद के बड़े पुत्र नितिन विश्वकर्मा (48 वर्ष) का निधन हो गया है अंतिम यात्रा 13 जून आज प्रातः 10 बजे निज निवास से करियापाथर श्मशान भूमि के लिए रवाना होगी।

**श्रीमती सिया देवी शर्मा-** जगदम्बा नगर महाराजपुर निवासी श्री किशन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सिया देवी शर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुरदेव सिंह ढिल्लो-** जसूजा सिटी धनवंतरी नगर निवासी श्री गुरदेव सिंह ढिल्लो (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला शर्मा-** पाम ग्रनी, गंगासागर रोड निवासी श्री केएन शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला शर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्ली प्रसाद चौधरी-** राजेंद्र नगर बाबा टोला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री लल्ली प्रसाद चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामवती चौधरी-** सफेद कुआं पोलीपाथर निवासी श्री राम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती चौधरी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू बेन-** प्रेमसागर बंशकार मोहल्ला निवासी श्री राजू बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय कोरी-** दीनदयाल चौक के पास निवासी श्री अजय कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई-** ग्वारीघाट स्थित अग्रवाल धर्मशाला के पास निवासी श्री छोटे लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा कल से होगी शुरू, मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे फ्लैग ऑफ

- कम कीमत में प्रदेश में आवागमन की त्वरित हवाई सेवा
- एयर टैक्सी के लिए बुकिंग काउंटर तैयार, रूट एवं दरें भी निर्धारित
- 'फ्लाईओला' वेबसाइट www.flyola.in हुई लॉन्च, बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के रमणीय पर्यटन स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली एवं खजुराहो को 6 सीटर वाले दो एयरक्राफ्ट्स के माध्यम से जोड़ने के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 जून को भोपाल एयरपोर्ट पर पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के विमान को फ्लैग ऑफ कर रवाना करेंगे।



## पहली फ्लाइट भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरौली की

पहली फ्लाइट भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरौली की होगी। 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के स्टैट हैंगर से पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया था। टिकट बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा के लिए फ्लाईओला वेबसाइट डेवलप की गई है, जिसको मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से मंत्रालय में लॉन्च किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के पर्यटन स्थलों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर एवं सुगम बनाने और पर्यटन सुविधाओं में विस्तार करने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह पर्यटन क्षेत्र के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संस्कृति और कला के प्रचार-प्रसार के लिए भी लाभदायक है। बुकिंग सुविधा की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि वायु सेवा की बुकिंग के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश के 8 शहरों को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, जिसका विस्तार आने वाले समय मे कुछ और शहरों तक किया जाएगा।

### 15 जून को ग्वालियर से भरेगी पहली उड़ान

पर्यटन वायु सेवा को प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की गरिमामयी उपस्थिति में 15 जून को ग्वालियर और फिर 16 जून को उज्जैन से हवाई यात्रा की शुरुआत होगी। इच्छुक पर्यटक **www.flyola.in** पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## खबर संक्षेप




### आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय में गड़बड़ी की सीबीआई जांच की मांग

**भोपाल।** वर्ष 2019 से 2024 तक आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में की गई गड़बड़ी को लेकर सीबीआई जांच कराने की मांग उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से की है। एनएचएम संविदा आउट सोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री ज्ञापन सौंपा। संघ प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि ज्ञापन में बताया गया है कि अर्धकुशल श्रमिक दर 12 हजार 796 बजट है, लेकिन विभाग के अधिकारियों एवं आउटसोर्स कंपनियों की कमीशनखोरी की वजह से मात्र 5500 से लेकर 9000 तक दिए जा रहे हैं।

### प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में आएगा निखार, बेहतर होंगी व्यवस्था: सबनानी

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुए राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्वास्थ्य विभाग में 46491 पदों के सृजन तथा डॉक्टरों के 607 पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।



### सीजीपीएससी मेंस की परीक्षा 24 जून को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा (मेंस) की तारीख में कोई बदलाव नहीं होगा। परीक्षा 24 जून से ही शुरू होगी। यह परीक्षा 27 जून तक चलेगी। इस संबंध में आयोग ने सूचना जारी कर दी है। बता दें कि सीजीपीएससी की होने वाली परीक्षा में इस बार 242 पदों पर भर्ती होगी। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। तारीख में बदलाव का कारण यह था कि मध्य प्रदेश सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 और वन सेवा परीक्षा 2024 एक तारीख को आयोजित हो रही है। इसे लेकर कई अभ्यर्थियों ने सीजीपीएससी को आवेदन दिया था कि मेंस की तारीख में बदलाव किया जाये। इस संबंध में पीएससी ने सूचना जारी किया है।

### घर में खेलते समय सांप ने काटा, बच्ची की मौत

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम खटोला में घर के अंदर खेल रही बच्ची प्रिंसी धीवर की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। सांप के काटने के बाद प्रिंसी को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी अनुसार, अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम खटोला में मंगलवार की देर शाम रात करीबन 7 बजे प्रिंसी धीवर अपने घर में खेल रही थी। वहीं लाइट भी बंद थी, इसी बीच डोमी नमक जहरीले सांप ने प्रिंसी को काटा लिया। मगर परिजनों को लगा की किसी तार से कटी होगी। इस बीच वह सो गई करीबन आधा घंटा बाद जब उल्टी होने से तबीयत बिगड़ी तब पता चला की बच्ची को सांप ने काटा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारियों से की चर्चा

# पानी बचाने और जल स्त्रोत सहेजने के काम में लगे समाजसेवियों को किया जाएगा सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार ने पिछले 6 माह में जनकल्याण के अनेक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश क्षेत्रों में बेहतर कार्य करेगा। हम विकास की नई इबारत लिखेंगे। विकास की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को भी शामिल होकर बेहतर परिणाम लाने में सहयोग करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से सांसद, विधायक, मंत्रीगण, जिलों में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव वीरा राणा और अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस में उपस्थित थे।

### जानकारी प्राप्त कर पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए: सीएम

जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे समाजसेवी जिन्होंने अभियान में आगे बढ़कर हिस्सेदारी की है, उनके बारे में प्रचार-प्रसार कर सम्मानित किया जाए। जल संरक्षण के लिए ऐसे स्थान का भी चयन करें, जहां पर्यटन विकास हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों का सहयोग प्राप्त किया जाए, जिससे अन्य लोग भी जागरूक हों।

### गंगा दशहरा पर उज्जैन में विशेष आयोजन, चार पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा

**शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की तैयारियां पूरी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 15 एवं 16 जून को उज्जैन में मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशहरा के कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्त अखाड़ा एवं रामघाट पर होने वाले कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी के दृष्टिगत सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। शिप्रा घाट पर पूजन और चुनरी अर्पण, सुविधायुक्त मंच के निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए आने-जाने से संबंधित सुविधाओं और विभिन्न पड़ाव स्थलों पर जरूरी प्रबंध के निर्देश भी दिए गए। मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के पूर्व यात्रा मार्ग में विभिन्न घाटों की सफाई एवं आवश्यक सुरक्षा के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

#### गंगा दशमी पर नमामि गंगे सदानीरा

वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि गंगा दशमी पर नमामि गंगे सदानीरा अभियान से जुड़ी गतिविधियां हो रही हैं। पारम्परिक शिप्रा परिक्रमा को अभिनव स्वरूप दिया गया है। शिप्रा तट पर सांगीतिक प्रस्तुति, पारम्परिक कथा गायन परम्परा का निर्वहन भी होगा। प्रदेश की 212 महत्वपूर्ण नदियों के संबंध में विस्तृत जानकारियों का समावेश इन प्रकाशनों में किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गंगा दशमी पर चार पुस्तकों का विमोचन भी करेंगे। नदियों के सांस्कृतिक एवं पारम्परिक तथा लोक साहित्य के अध्ययन, ऐतिहासिक पारम्परिक जल संरचनाओं को सतत प्रवाहमान बनाए रखने के लिए सुझावों का संकलन किया गया है। मैपकास्ट के सहयोग से सैटेलाइट मैपिंग भी की गई है।

### पर्व-त्यौहारों पर मजबूत रहना चाहिए कानून व्यवस्था, कोताही कतई बर्दाश्त नहीं होगी

#### असामाजिक तत्वों पर अंकुश के लिए जारी रहे अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आने वाले माह में विभिन्न पर्व-त्यौहार के संबंध में मजबूत कानून व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित की जाए। सभी त्यौहार सद्भाव के वातावरण में मनाए जाएं। शांति व्यवस्था को आंच पहुंचाने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे तत्वों पर अंकुश बना रहे। गोवंश का सम्मान सुनिश्चित हो, कालाबाजारी और मिलावट करने वाले तत्वों के विरूद्ध अभियान जारी रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिलों के कलेक्टर्स और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए आवश्यक विद्युत सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। बाढ़ और आपदा की

#### वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

स्थितियों में प्रशासन नागरिकों के सहयोग के लिए तत्पर रहे। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज हो रही शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल से पहले नर्सरियों में पौधे तैयार करने, सीड बॉल्स तैयार करने और अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुकूल पौधों की प्रजातियों का चयन कर लिया जाए। खरीफ की बोवनी के समय खाद, बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने जानकारी दी कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में निरंतर रैक आ रहे हैं। किसानों को समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

#### कॉलेज चले हम अभियान और योग दिवस 21 से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूल चले हम अभियान, कॉलेज चले हम अभियान और आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह दोनों अभियान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून से शुरू हो जाएंगे। सभी विभाग व अधिकारी इसकी तैयारी अभी से पूरी कर लें। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव वीरा राणा, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदि उपस्थित थे।

## कानून व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित

# कलेक्टर-एसपी ने अधिकारियों को दिए शांति व्यवस्था के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरिया

कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अप्रिय स्थिति निर्मित न होने, अपराधिक व असामाजिक गतिविधियों पर रोक, धार्मिक वैमनस्यता को रोकने के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में किसी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करना सुनिश्चित करें जिससे समय पर कार्रवाई की जा सकें।



### असामाजिक तत्वों पर करें कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर ने धार्मिक स्थलों पर छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान पर अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सूचना के रियल टाइम शेयरिंग के लिए बीट सिस्टम एक्टिव करते हुए बीट स्तर पर जिम्मेदारी तय करने और हर स्तर पर राजस्व और पुलिस अधिकारियों में बेहतर समन्वय जरूरी है।

# जिला अस्पताल निर्माण के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने सर्वे कर अधिकारियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेंद्रगढ़

नवीन जिला एमसीबी में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल चिरमिरी क्षेत्र में जिला अस्पताल निर्माण के लिए जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के साथ नगर पालिक निगम आयुक्त राम प्रसाद अचला और जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चिरमिरी क्षेत्र में जिला अस्पताल निर्माण के लिए जमीन चयन करने के लिए मैदान में दिखाई दिए जहां पर जिला अस्पताल हेतु पूरी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से रायशुमारी की। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने कहा कि जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए हर एक स्तर पर कार्य किया जाएगा। आधिकारियों से चर्चा करने के बाद बताया कि जमीन चयनित होने के पश्चात जल्द ही जिला एमसीबी में जिला अस्पताल का निर्माण प्रारंभ हो सके।

## कलेक्टर डॉ. गौरव ने निरीक्षण कर अधिकारी को दिए निर्देश

# ग्रापं तिरवैया में बनेगा खेल मैदान युवाओं को खेल की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के धरसींवा विकासखंड की ग्राम पंचायत तिरवैया में जल्द ही खेल सुविधाओं का विस्तार होगा। ग्रामीणों, युवाओं-बच्चों को जल्द ही अच्छे खेल-मैदान की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही सघन पौधरोपण भी कराया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने धरसींवा ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत तिरवैया का निरीक्षण किया।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम के लिए भी अलग जगह चिन्हांकित करने के निर्देश पंचायत पदाधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहें कामों में अधिक से अधिक काम स्थानीय महिला स्व- सहायता समूहों के सहायता से कराए जाएं ताकि महिला समूहों को रोजगार भी उपलब्ध होंगे। योजनाबद्ध तरीके से काम भी पूरा हो जाए। कलेक्टर ने प्रस्तावित खेल मैदान में तारफेंसिंग करवाकर शीघ्र सघन पौधरोपण अभियान समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करवाने के निर्देश दिये।



कलेक्टर ने ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत धरसींवा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत किए जा रहे तालाब गहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

## मौसम विभाग की चेतावनी, गरज-चमक के साथ गिर सकती है बिजली

# दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की संभावना, कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ होगी बारिश और गिरेंगे ओले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है। प्रदेश के सुकमा जिले में बीते दिनों मानसून का आगमन हो चुका है, जो कि 48 घंटों में अब प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ेगा। साथ ही प्रदेश में पांच दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश के आसार हैं। इसके अलावा कई इलाकों में ओले गिरने और तेज हवाएं भी चलेगी।

इस दौरान तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। हालांकि मध्य और उत्तर के जिलों में पारा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ाने की परिस्थितियों अनुकूल हैं। इस बीच आने वाले पांच दिनों में एक दो जगह पर प्रदेश के दक्षिण और मध्य भागों में गरज चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है।



### तीन संभागों में 5 दिन बरसेंगे बादल

राजधानी रायपुर समेत प्रदेश की कई जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। कई जगहों पर ओले गिरने के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना बताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, बस्तर, रायपुर और दुर्ग संभाग में बारिश के आसार हैं। यह मौसम अगले 5 दिनों तक जारी रहेगा। बीते दिनों मंगलवार को प्रदेश के एक दो जगह पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई है। साथी कोरबा को शामिल 12 जिलों में बारिश के मुख्य आंकड़े भी दर्ज किया गया है। वहीं प्रशासन ने भी लोगों को सतर्क कर अपनी तैयारी कर ली है।

### प्रदेश में डोंगरगढ़ रहा सबसे गर्म

प्रदेश में सबसे गर्म डोंगरगढ़ जिला रहा है। यहां सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रहा है। उत्तम तापमान नारायणपुर में 22.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी रायपुर में 42.6 माना एयरपोर्ट, बिलासपुर में 41.8, अंबिकापुर में 41.7 राजनांदगांव में 41.5 और जगदलपुर में 47.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

# नवदंपती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**कमरा बंद कर तेज आवाज में चला रखा था टीवी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर-रामानुजगंज रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत डिंडो में एक नवदंपती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने यह कदम क्यों उठाया अभी पता नहीं चल पाया है। दंपती की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, डिंडो के राकेश गुप्ता उम्र 28 वर्ष की शादी करीब चार वर्ष पूर्व ग्राम मेंढारी की अंजू गुप्ता से हुई थी। राकेश भाजपा युवा मोर्चा में मंडल सनावल का पदाधिकारी भी था और वह अंबिकापुर के निजी चिकित्सालय में भी कार्य करता था। वह पत्नी और तीन साल के बच्चे के साथ अंबिकापुर में ही रहता था। मंगलवार को वह पत्नी और बच्चे के साथ अपने गांव आया। अपने माता-पिता को बच्चे को सौंपकर पति-पत्नी कमरे में चले गए। जहां उन्होंने कमरा बंद कर तेज आवाज में टीवी चालू करके जहर खा लिया। बताया जा रहा है कि अंजू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राकेश की वाड्रफनगर हॉस्पिटल ले जाते समय मौत हो गई।



## चिंतन

# खालिस्तान समर्थक देशों से दो टूक बात करनी होगी

देश में नब्बे के दशक के बाद से खालिस्तान आंदोलन लगभग खत्म हो चुका था, लेकिन कनाडा और ब्रिटेन से रह रहकर ऐसी आवाजें आती रहीं। देश में भी बीते पांच सालों के दौरान ऐसी ही चिंगारी को हवा देने की कोशिश हो रही है। इसमें घी का काम किया लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से अमृतपाल सिंह की जीत ने। असम की जेल में बंद अमृतपाल सिंह का सांसद बनना बताता है कि खालिस्तान आंदोलन पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। असल में 1947 में आजादी मिलने के बाद भारत और पाकिस्तान दो देश बने। इसी के साथ पंजाब सूबे का बंटवारा हुआ जिसका बड़ा भाग पाकिस्तान के पास चला गया और कुछ हिस्सा हमारे पास बचा। लाहौर, जो कभी सिख साम्राज्य की राजधानी था वो पाकिस्तान में चला गया। इसके बाद पंजाबी भाषी लोगों के लिए एक अलग राज्य की मांग की शुरुआत पंजाबी सूबा आंदोलन से हुई थी। यह पहला मौका था जब पंजाब को भाषा के आधार पर अलग दिखाने की कोशिश हुई थी। अलग पंजाब के लिए जबरदस्त प्रदर्शन शुरू हुए और अंत में 1966 में ये मांग मान ली गई। भाषा के आधार पर पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की स्थापना हुई। उसी दौर में 'खालिस्तान' के तौर पर स्वायत्त राज्य की मांग उठाई गई जिन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने खारिज कर दिया। खालिस्तान की मांग ने 1970 के दशक में जोर पकड़ना शुरू कर दिया। 1980-1984 के बीच पंजाब में हिंसा की घटनाओं में भारी उछाल आया। 1983 में भिंडरावाला ने स्वर्ण मंदिर को अपना ठिकाना बना लिया। तब भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' को अंजाम दिया और उसके बाद पंजाब में मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की अगुवाई में पूरे आंदोलन को लगभग खत्म कर दिया गया। 1990 के दशक में भारत में तो यह खत्म हो गया, लेकिन कनाडा में जीवित रहा। इसके चलते रह रहकर भारत और कनाडा सरकार के बीच तनाव भी होता रहा। अब एक बार फिर इस आंदोलन को अंदर ही अंदर सुलगाने की कोशिशें हो रही है। अब नया मामला इटली में सामने आया है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले खालिस्तान समर्थकों ने महात्मा गांधी की मूर्ति को तोड़ दिया और उसके नीचे हरदीप सिंह निज्जर का नाम भी लिख दिया। निज्जर की बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। इटली में 13 से 15 जून तक जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। पीएम मोदी जी7 बैठक में शामिल होने के लिए आज रवाना होंगे। पीएम मोदी, इटली पीएम जियोर्जिया मेलोनी के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के अलावा कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहेंगे। ऐसे मौके पर खालिस्तान समर्थकों का मूर्ति को तोड़ देना कायरता के अलावा कुछ भी नहीं। इससे पहले आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारतीय दूतावासों, प्रवासियों और मंदिरों पर घृणा से प्रेरित हमलों और अपराधों का सिलसिला साफ दर्शाता है कि एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का लक्ष्य पंजाब में अलगाववादी ताकतों को पुनर्जीवित करना है। पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग लगाने की चेष्टा हो रही है। समस्या केवल यह नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को उदार पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी करने में लगी हैं। इस पूरे फसाद की जड़ वही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई है, जो दशकों से विदेशी धरती पर खालिस्तान समर्थकों को तैयार करने में सक्रिय रही है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़ा विदेशी षड्यंत्र का है। इसे समय रहते ही कुचलना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो न केवल एक बार फिर पंजाब में कानून एवं व्यवस्था का प्रश्न खड़ा होगा बल्कि देश की एकता व अखंडता पर भी आंच आएगी। पश्चिमी देशों में रचे जा रहे इस भारत विरोधी प्रपंच से सख्ती से निपटा जाना समय की मांग भी है। हमें ऐसे देशों से दो टूक बात करने होगी जो हमारे दुश्मनों के सहायक बने हुए हैं। इन्हें बताना होगा कि ऐसे तत्वों को शरण देना बंद नहीं किया तो भारत क्या कर सकता है। आज हम दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। अगर ऐसे देशद्रोहियों न कुचला तो विकसित भारत का संकल्प अधूरा रह जाएगा।

विडंबना

शिशिर शुक्ला



# कब रुकेगी परीक्षाओं में धांधली

हाल ही में आयोजित हुई नीट परीक्षा विवादों के घेरे में है। देश के 571 शहरों के 4750 परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी का आयोजन विगत 5 मई को किया गया था। परीक्षा का परिणाम 4 जून को घोषित किया गया। परिणाम आने के बाद परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए यह तर्क दिया गया कि परिणाम में 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720 में से पूरे पूरे 720 अंक प्राप्त हुए हैं। खास बात तो यह है कि इसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यर्थी शामिल हैं। एनटीए के द्वारा परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता का खंडन करते हुए कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों में समय जाया होने के कारण हुई परीक्षा में देरी के कारण 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने के कारण अप्रत्याशित परिणाम आया है। एनटीए का यह भी कहना है कि




परीक्षार्थियों को कृपांक परीक्षा के नियमों के अनुसार ही दिया गया है। सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्न पत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्न पत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए। क्यों परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं पुख्ता नहीं थीं। यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर कर दी जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिह्नों के घेरे में खड़ा कर देता है। महज प्रश्न पत्र गलत वितरित हो जाने की वजह से हुई परीक्षा में देरी के आधार पर परीक्षार्थियों को कृपांक दे दिया जाना अनुचित है क्योंकि इसका सीधा-सीधा नकारात्मक प्रभाव उन अभ्यर्थियों पर पड़ रहा है जो कि इस दायरे से बाहर थे। इस बात की क्या गारंटी है कि समय कम मिलने की वजह से उन 1563 अभ्यर्थियों के जो प्रश्न छूट गए थे, पूरा समय मिल जाने पर वे उन प्रश्नों को बिल्कुल ठीक-ठीक हल कर लेते। क्या इन स्थितियों के लिए पूर्णतया परीक्षा केंद्र उत्तरदायी नहीं हैं। आखिरकार ऐसे केंद्रों के हवाले परीक्षा कर देने से पहले किस स्तर पर आकलन एवं परीक्षण किया गया था। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती है, उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



नई सरकार

डॉ. जयंतीलाल भंडारी


# निर्यात बढ़ाने की चुनौती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के सामने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में घटते व्यापार के बीच भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नई सरकार के द्वारा पड़ोसी देशों सहित दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देनी होंगी। वस्तुतः इस समय वैश्विक सुस्ती के बीच दुनिया में केवल उन देशों के विदेश व्यापार का ग्राफ बढ़ रहा है, जहां मजबूत सरकारों ने विदेश व्यापार की चुनौतियों के बीच अपने देश के अनुकूल विदेश व्यापार बढ़ाने के कदम उठाए हैं। नई गठबंधन सरकार को रणनीतिक प्रयास करते रहने होंगे।**

यकीनन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के सामने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में घटते व्यापार के बीच भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नई सरकार के द्वारा पड़ोसी देशों सहित दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देनी होंगी। वस्तुतः इस समय वैश्विक सुस्ती के बीच दुनिया में केवल उन देशों के विदेश व्यापार का ग्राफ बढ़ रहा है, जहां मजबूत सरकारों ने विदेश व्यापार की चुनौतियों के बीच अपने देश के अनुकूल विदेश व्यापार बढ़ाने के रणनीतिक कदम उठाए हैं। नई गठबंधन सरकार को ऐसे देशों की तरह लगातार रणनीतिक प्रयास करते रहने होंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार ने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंधों और बेहतर व्यापार की नई संभावनाओं का पहला कदम 9 जून को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के शीर्ष सात नेताओं को ससम्मान शामिल करके आगे बढ़ा दिया है। इन देशों में बांग्लादेश, श्रीलंका,नेपाल, मालदीव, सेशेल्स,भूटान तथा मॉरीशस शामिल हैं। निःसंदेह पिछले एक दशक में भारत ने पड़ोसी देशों के साथ कारोबार बढ़ाने के लिए पड़ोसी प्रथम नीति (नेबरहुड फर्स्ट), दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों (आसियान) के साथ एक्ट ईस्ट नीति और प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की रणनीति सहित नई विदेश व्यापार नीति 2023 लागू की है। जिसके बेहतर परिणाम मिले हैं।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार को विदेश व्यापार की इन विभिन्न रणनीतियों को बदलते हुए वैश्विक व्यापार के नए दौर के अनुरूप सुधारों के साथ आगे बढ़ाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत के विदेश व्यापार में लगातार वृद्धि के साथ निर्यात की ऊंचाइयां भी बढ़ती गई है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। जहां पिछले वित्त वर्ष में कुल आयात 854.80 अरब डॉलर का रहा, वहीं वर्ष 22-23 में कुल आयात 898 अरब डॉलर मूल्य का रहा था। ऐसे में पिछले वित्त वर्ष में आयात में कमी से कुल व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि देश की प्रभावी सरकार के दम पर ही पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भी भारत ने रूस से डिस्काउंट पर कच्चे तेल का आयात करना जारी रखा और कच्चे तेल की रणनीतिक खरीदी से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 5 अरब डॉलर और 2023-24 में करीब 8 अरब डॉलर की बड़ी बचत की। अब नई गठबंधन सरकार को इस बात पर ध्यान देना होगा कि विदेश व्यापार मोर्चे पर पिछले कई वर्षों से डब्ल्यूटीओ द्वारा प्रभावी भूमिका नहीं निभाए जाने से अपने विदेश व्यापार को बढ़ाने के कई अन्य कदम तेजी से आगे बढ़ाए जाने होंगे। गौरतलब है कि डब्ल्यूटीओ की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को की गई थी। इसे दूसरे विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद एक परिवर्तनकारी वैश्विक आर्थिक-



व्यापार सुधार कहा गया था। वस्तुतः डब्ल्यूटीओ क तहत जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स ऐंड ट्रेड (जीएटीटी) का विस्तार करते हुए सेवाओं और बौद्धिक संपदा को व्यापार में शामिल कर दिया गया था। गरीब और विकासशील देशों को यह विश्वास बना था कि उन्हें डब्ल्यूटीओ की छतरी के नीचे विकास के अच्छे मौके मिलेंगे, लेकिन बहुपक्षीय समझौतों पर प्रगति नहीं होने से डब्ल्यूटीओ के देशों में लगातार हताशा बढ़ी है और वैश्विक व्यापार में धीमापन आने लगा है। ऐसे में भारत के लिए विदेश व्यापार बढ़ाने के प्रयासों को तेजी से बढ़ाना जरूरी है।

यद्यपि पाकिस्तान के रवैये ने दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) को दक्षिण एशिया में आंतरिक क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने से रोक दिया है, मगर भारत ने द्विपक्षीय व्यापार संधियों और समझौतों से छोटी अर्थव्यवस्थाओं के साथ विदेश व्यापार और निर्यात रणनीति को सकारात्मक विकल्प दिए हैं। इसके अलावा भारत ने अपनी तरफ से दक्षिण एशिया सहित सबसे कम विकसित देशों को एकतरफा शुल्क मुक्त एवं शुल्क तरजीह योजना की पेशकश की है। भारत-आसियान व्यापार भी बढ़कर वर्ष 2022-23 में 131.58 अरब डॉलर हो गया है। ऐसे में अब नई गठबंधन सरकार को आसियान देशों में निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। उल्लेखनीय है कि जहां एक ओर 15 नवंबर, 2020 को अस्तित्व में आये दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड समझौतें रीजनल कांप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसेप) में भारत ने अपने आर्थिक व कारोबारी हितों के मद्देनजर शामिल होना उचित नहीं समझा वहीं आरसेप से दूरी के बाद भारत एफटीए की डगर पर आगे बढ़ने की नई सोच के साथ आगे बढ़ा है। इस समय भारत विदेश व्यापार नीति को नया मोड़ देते हुए दुनिया के प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत ने अब तक तीन एफटीए किए हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मई 2022 में लागू द्विपक्षीय कारोबार में पिछले दो वर्षों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।


अब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कई विकसित और विकासशील देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों की नई संभावनाएं उभर कर दिखाई दे रही हैं। दुनिया के जी-20 देशों में भारत की नई अहमियत और दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और मजबूत सरकार के रूप में भारत की पहचान भारत के विकास को तेज रफ्तार दे रही है। ये सारी बातें भारत के लिए नए एफटीए की नई संभावनाओं की बड़ी आधार हैं। निश्चित रूप से 2024 में जब वैश्विक व्यापार में आर्थिक निराशाओं का दौर बढ़ रहा है, तब भारत को प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में अपने रिकॉर्ड विदेश व्यापार और रिकॉर्ड निर्यात का स्तर बनाए रखने के लिए कुछ और रणनीतिक कदम उठाने होंगे। भारत के लिए पड़ोसी देशों, आसियान देशों के साथ विदेश व्यापार बढ़ाने के साथ निर्यात पक्ष को पूरी तरह ध्यान से रखते हुए मुक्त व्यापार समझौतों पर अधिक यकीन करना होगा। भारत के द्वारा ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा। नई गठबंधन सरकार के द्वारा निर्यात की बढ़ती हुई वैश्विक संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा। नई सरकार चाहिए कि पिछले वर्ष जी-20 में जिस 55 देशों वाले अफ्रीकी संगठन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाई जाने में भारत के द्वारा अहम भूमिका निभाई गई है, उन देशों में निर्यात बढ़ाने होंगे।

हम उम्मीद करें कि नई गठबंधन सरकार रणनीतिक प्रयासों से वैश्विक व्यापार और निर्यात चुनौतियों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से देश को बचाते हुए वर्ष 2030 तक 2 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हमें सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

## भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुख नहीं आएंगे



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### बाल श्रम का कलंक कैसे मिटेगा?

12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाएगा। बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों से बचाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। कोई भी गरीब माता-पिता नहीं चाहता होगा कि उनके बच्चे छोटी उम्र में दिहाड़ी मजदूरी करें, लेकिन मजबूरी मजदूरी करवाने के लिए विवश कर देती है। जिनके बाप गलत आदतों के शिकार हैं, वे अपने छोटे-छोटे बच्चों को मजदूरी करने के लिए मजबूर भी करते होंगे। बहुत ही अफसोस और शर्मनाक है कि आज आजाद भारत में छोटे छोटे बाल गरीबी के कारण मजदूरी करने को विवश हैं। आज भारत की बच्चों के कुपोषण के मामले में स्थिति कोई खास अच्छी नहीं है। गरीब लोग भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए सुनहरी सपने देखते हैं, लेकिन गरीबी के कारण कुछ लोगों के सपने चकनाचूर हो जाते हैं।

*- मोहित पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### नोबल विजेता यूनुस व अन्य पर गबन के आरोप तय

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को 'परेशान' कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी 'ग्रामीण टेलीकॉम' पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर 'ग्रामीण टेलीकॉम' के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। 'ग्रामीण टेलीकॉम' देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी 'ग्रामीणफोन' की 34 .2 प्रतिशत हिस्सेदार है।



## ऑफ बीट

### हरियाली देखने भर से ठीक होता है मानसिक स्वास्थ्य

यह तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है कि प्रकृति में समय बिताने से हमारे मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली को फायदा हो सकता है। लेकिन मेरे सहकर्मियों और मेरे द्वारा किए गए एक नए अध्ययन से पता चलता है कि यह लाभ हासिल करने के लिए आपको वास्तव में प्रकृति में रहने की ज़रूरत नहीं है। किसी शहर के मध्य में भी, केवल प्राकृतिक तत्वों की ओर अपना ध्यान केंद्रित करने से भी खुशहाली बढ़ सकती है। शहरी जीवन, अपनी तेज़ गति और तनाव के उच्च स्तर के साथ, चिंता और अवसाद सहित कई मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। प्रतिभागियों को बेतरतीब ढंग से तीन समूहों में बांटा गया : एक जो पेड़ों (हरा समूह) जैसे प्राकृतिक तत्वों पर केंद्रित था, एक जो इमारतों (ग्रे समूह) जैसे मानव निर्मित तत्वों पर केंद्रित था और तीसरा समूह जो दोनों के मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करता था। शहर और परिसर में 45 मिनट की गाइडेड वॉक के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने विशेष आई-ट्रैकिंग चश्मा पहना था। मार्ग में समूह के आधार पर प्राकृतिक या मानव निर्मित तत्वों पर जोर देने के लिए डिज़ाइन किए गए दस निर्दिष्ट ठहराव शामिल थे।



## ट्रेंड

### बाल श्रम के खाते को प्रतिबद्ध

विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर, आइए बाल श्रम को समाप्त करने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें जहां हर बच्चा अपने बचपन का आनंद ले सके। हम बाल श्रम को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री



### बाल श्रम

भले ही आज हम बालश्रम के खिलाफ विश्व दिवस मनाते हैं, लेकिन जो बात परेशान करती है वह यह है कि हमने बच्चों को विफल कर दिया है। उचित धन, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कानून प्रवर्तन उपायों की तत्काल आवश्यकता है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता



### मेरे भगवान गरीब लोग

भारत के लोगों ने कहा है-प्यार ने नफरत को हरा दिया है। मोदी जी के पास अजीब "परमात्मा" है जो उन्हें अडानी-अंबानी के पक्ष में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन करता है। मैं एक 'जैविक' इंसान हूं। मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं। मैं वही करता हूं जो आप मुझे कहते हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



### बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा

इस देश के करोड़ों मां बाप दिन रात मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाते है, बच्चे पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं, मगर देश की सरकार इनका दर्द समझने को तैयार नहीं है। पेपर लीक के कारण करोड़ों बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा है।

-संजय सिंह, आप सांसद



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



फिटनेस फंडा / यश पंडित

# मेरी हेल्थ-फिटनेस का सीक्रेट न्यूट्रिशस डाइट-वॉकिंग-अच्छी नींद

कई फिल्मों और हिट टीवी शोज में नजर आ चुके, यश पंडित हाल में ही सोनी सब टीवी के शो 'आंगन अपनो का' में राकेश की भूमिका में दिखे थे। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं यश पंडित।



हम सभी को अपनी हेल्थ का बहुत ख्याल रखना चाहिए। कहते भी हैं-हेल्थ इज़ वेल्थ। मैं अपने फैंस से यही कहूंगा कि हेल्थ-फिटनेस को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

## मेरा फिटनेस सीक्रेट

न्यूट्रिशस डाइट, तेज गति से वॉक, खूब पानी पीना और अच्छी नींद लेना। ये चार मेरे फिटनेस सीक्रेट्स हैं। इन चारों को मैं अपनी दिनचर्या में शामिल करता हूं। आप भी इन्हें शामिल करें फिर देखें आपकी हेल्थ कितनी बढ़िया हो जाएगी।

## हल्की एक्सरसाइज़

कोरोना के बाद चूंकि अधिकांश लोगों की इम्यूनिटी पर नेगेटिव असर पड़ा है इसलिए अब वह स्थिति नहीं रही, जब आप तीन-चार घंटे लगातार जिम में जाकर बहुत टफ वर्कआउट करें। आज के समय में हल्का वर्कआउट ही बेहतर है। अब आप शरीर को जरूरत से ज्यादा थकाते हैं तो वह झेल नहीं पाता है। ऐसी खबरें हम अकसर पढ़ते हैं या अपने आस-पास देखते हैं कि कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए गिर गया तो कोई डांस करते हुए। इसलिए शारीरिक क्षमता के अनुसार हल्की एक्सरसाइज ही करना सही है।

## डाइट का रखें ख्याल

हल्की एक्सरसाइज के साथ-साथ अपनी डाइट का पूरा ख्याल हमें रखना चाहिए। न्यूट्रिशस डाइट लें। मैं भी रेग्युलर डाइट में प्रोटीन के अलावा सब्जियों, दालों, फलों को जरूर शामिल करता हूं। ध्यान रहे आपको डेली हैवी ब्रेकफास्ट, न्यूट्रिशस लंच और डिनर लेना है। डाइट का बैलेंस होना जरूरी है।

## डिनर लेने में ना करें देरी

आजकल बहुत सारे लोग लेट नाइट डिनर करते हैं, जो सही नहीं है। हालांकि हेल्थ कॉन्शस लोग शाम सात बजे तक अपना डिनर ले लेते हैं। यह बहुत अच्छी आदत है। इससे खाने को पचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और सुबह आप बहुत अच्छा फील करते हैं। जहां तक संभव होता है मैं भी डिनर जल्द ही कर लेता हूं। हालांकि जब शूटिंग चल रही होती है तब हम लोगों के लिए समय से लंच, डिनर करना और बैलेंस डाइट ले पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन जितना बेस्ट मैं कर सकता हूं, उस स्थिति में करने की कोशिश करता हूं। एक अच्छी बैलेंस डाइट लेने की पूरी कोशिश करता हूं।

## हमेशा खुश रहता हूं

मैं हमेशा खुश रहता हूं। मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए जिंदगी में यह भी बहुत जरूरी है कि आप हर स्थिति में खुश रहें, मस्त रहें और अपने काम में व्यस्त रहें।

## अच्छी नींद जरूरी

फिट रहने के लिए खूब काम करना और उसके बाद रात को अच्छी गहरी नींद लेना बहुत जरूरी है। अच्छी नींद, अच्छी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी होती है। इसलिए कितने ही व्यस्त रहें लेकिन नींद से समझौता न करें।

## पानी खूब पीता हूं

मैं खूब पानी पीता हूं। आपसे भी कहूंगा दिन भर में जितना हो सके पानी पीजिए। नारियल पानी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ, दूध, फ्रूट जूस को भी शामिल करें। यानी, खूब लिक्विड अपनी बॉडी को दें।

## वॉकिंग है जरूरी

रोज कुछ समय वॉक पर जाएं। कोशिश करें कि जितना पैदल चल सकें चलें। सुबह की सैर या ईवनिंग वॉक जो कर सकते हैं करें। पैदल चलना बहुत अच्छा व्यायाम है, इसे अपनी रुटीन में शामिल करें। अगर हर इंसान 24 घंटे में से आधा घंटा भी तेज पैदल चले तो वह फिट रह सकता है। * प्रस्तुतिःरेणु खंतवाल

किसी रोग से ग्रस्त होने के बावजूद, अगर आप अच्छा-पॉजिटिव सोचेंगे तो न केवल अच्छा महसूस करेंगे, बल्कि इससे आपके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार होगा। इसके विपरीत नेगेटिव विचारों, चिंता या भय से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे अपना बचाव करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

हेल्थ एडवाइस/ विनीता

# पॉजिटिव सोचें-हेल्दी रहें







आपने इस बात पर गौर किया होगा कि जब भी घर में कोई बीमार होता है, तो परिवार के बुजुर्ग सदस्य यही कहते हैं, कोई बात नहीं चिंता न करो, दवा समय पर लेते रहो, आराम करो, जल्द ही ठीक हो जाओगे। ऐसी बातें केवल बीमार को झूठा दिलासा देने या उसका मन बहलाने के लिए नहीं कही जातीं, बल्कि इसके पीछे यह मनोवैज्ञानिक तथ्य छिपा होता है कि अच्छा और पॉजिटिव सोचने पर सब कुछ अच्छा ही होता है। दरअसल, ब्रेन ही हमारी सभी शारीरिक-मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, इसलिए जब हम अच्छा सोचते हैं तो हमें अच्छा महसूस भी होता है। फिर हमारी सारी गतिविधियां भी पॉजिटिव दिशा की ओर अपने आप बढ़ने लगती हैं।

## शोध से हो चुका प्रमाणित

वर्षों पहले वैज्ञानिक अध्ययन से भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है कि पॉजिटिव सोचने वाले अधिक हेल्दी रहते हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर पी. कैनेडी ने 1961 में सबसे पहले नोसेबो इफेक्ट शब्द का प्रयोग किया था। इस टर्म की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'नोसेरे' से हुई थी, जिसका अर्थ होता है-नुकसान पहुंचाना। उपचार के दौरान बीमार व्यक्ति के मनोदशा पर उसके सकारात्मक विचारों का क्या असर होता है, यह जानने के लिए वैज्ञानिकों ने जब उन पर अध्ययन किया तो उन्हें पता चला कि अच्छे परिणाम के बारे में सोचकर दवाओं का सेवन करने वाले लोगों की हेल्थ में तेजी से सुधार होता है। इस प्रभाव का नाम प्लेसिबो इफेक्ट दिया गया, जिसका अर्थ होता है, मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। इसी अध्ययन के अपोजिट इफेक्ट को समझने के दौरान नोसेबो इफेक्ट का प्रभाव सामने आया। इन दोनों ही तरह के अध्ययनों में कई रोचक परिणाम सामने आए। जैसे मामूली सिरदर्द होने पर वैज्ञानिकों ने लोगों को दर्द निवारक रहित टॉफी जैसी कोई सादी गोली दी, जिसे लेने के बाद लोगों ने कहा कि उन्हें आराम महसूस हो रहा है, जबकि वास्तव में उन्हें कोई दवा दी ही नहीं गई थी। इसी तरह कोविड काल के दौरान प्रयोग के तौर पर कुछ लोगों को यह बताकर विटामिन के कुछ ऐसे हल्के इंजेक्शन दिए गए कि उन्हें कोविड से बचाव का वैक्सीन लगाया जा रहा है। चूंकि लोगों को पहले से इसके साइड इफेक्ट के बारे में मालूम था, इसलिए उन्हें सिरदर्द, नॉजिया और बुखार का भ्रम होने लगा। जबकि वास्तव में उन्हें कोई वैक्सीन नहीं लगाया गया था। टीके के असर के बारे में नकारात्मक बातें सोचने के कारण लोगों को ऐसी तकलीफ महसूस हो रही थी।



## नेगेटिव सोच का इफेक्ट

जो लोग अपनी हेल्थ के प्रति जरूरत से ज्यादा सचेत होते हैं, उनमें भी नोसेबो इफेक्ट के लक्षण नजर आते हैं। अब तक किए गए अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जब कोई व्यक्ति लगातार यही सोचे कि मुझे दर्द हो रहा है, मुझे अमुक बीमारी है तो कुछ समय के बाद वाकई उसे दर्द होने लगता है। हालांकि वास्तव में वह शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ होता है, लेकिन मनोवैज्ञानिक कारणों से उसके शरीर में बीमारियों जैसे लक्षण भी प्रकट होने लगते हैं।

## इंटरनेट नॉलेज भी है वजह

आजकल किसी भी स्वास्थ्य समस्या का नाम सुनते ही लोग सबसे पहले इंटरनेट पर उसके बारे में सर्च करना शुरू कर देते हैं। उसके लक्षणों से अपना मिलान करने लगते हैं। सच्चाई यह है कि इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पूरी तरह सही नहीं होती है। कई बार किसी स्वास्थ्य समस्या का विवरण कुछ इस तरह दिया जाता है कि उस जानकारी से लोग भयभीत हो जाते हैं और बीमार न होने पर भी खुद को गंभीर रोग का मरीज समझने लगते हैं।

## गैजेट्स के ओवरयूज से बचें

खुद को बीमार मानने की सोच से उबरने के लिए 24 घंटे स्मार्ट वॉच जैसे गैजेट्स से दूर रहना भी जरूरी है। अनेक हेल्थ एप्स का इस्तेमाल करने वाले लोग हमेशा इसी चिंता से त्रस्त रहते हैं कि आज दस हजार कदम चलने का मेरा टारगेट पूरा नहीं हुआ, कल रात मैं आठ घंटे की नींद नहीं ले पाया, मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ रहा है, नाड़ी तेज गति से चल रही है। इस तरह से कई बार गैजेट्स और हेल्थ एप्स भी लोगों को हेल्थ एंग्जायटी का मरीज बना देते हैं, इनकी वजह से स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को थका हुआ और बीमार महसूस करने लगता है। बीमार होने की सोच वाली समस्या से बचाव के लिए गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें और इंटरनेट पर मौजूद हर जानकारी पर भरोसा ना करें। अपनी हेल्थ के बारे में हमेशा अच्छा और पॉजिटिव सोचें तो हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे।



## ऐसे करें बचाव

बीमार होने की नेगेटिव सोच से बचने के लिए थॉट रिप्लेसमेंट का तरीका अपनाएं। जब भी आपके मन में सेहत के प्रति कोई नकारात्मक विचार आए तो सचेत तरीके से उसी वक्त उन बातों से अपना ध्यान हटाकर अच्छी बातें सोचना शुरू कर दें कि मैं शीघ्र स्वस्थ हो जाऊंगा। मैं लगातार ठीक हो रहा हूं। तार्किक ढंग से सोचें और अपने जीवन की वास्तविकता को पहचानें। जब हेल्थ को लेकर मन में कोई डर या चिंता महसूस हो तो इस बात पर विचार करें कि हर बीमारी उपचार संभव है तो फिर परेशान नहीं होना चाहिए। इसके अलावा नकारात्मक बातों से ध्यान हटाने के लिए मनपसंद संगीत सुनें, प्रेरक किताबें पढ़ें या अपनी रुचि से जुड़े कार्यों में स्वयं को व्यस्त रखें। ध्यान और योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करें। *

**(मनोवैज्ञानिक सलाहकार विचित्रा दर्गन आनंद से बातचीत पर आधारित)**

आहार/ राजकुमार 'दिनकर'

# गर्मी में पाचन सही रखे छाछ



सदियों से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों के खान-पान का सबसे अहम हिस्सा दूध, दही और छाछ रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में मई-जून के महीने में, जिस तरह की आग बरसाती गरमी पड़ने लगी है, उससे दही और छाछ की खपत शहरों में भी काफी बढ़ जाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि छाछ इन तपते दिनों में दिल से लेकर दिमाग तक को तृप्त कर देता है।

**बढ़ी है डिमांड-सप्लाई:** इस वर्ष भी अप्रैल के बाद से ही पूरे देश में बहुत तेजी से छाछ या मट्ठा की मांग बढ़ गई है। इसका कारण है तेज गरमी। छाछ के स्वाद और स्वास्थ्य को इससे होने वाले लाभ के कारण आज अनेक दुग्ध-उत्पादक कंपनियां पैकेटबंद अलग-अलग स्वाद की छाछ बाजार में बेच रही हैं। इन्हें खरीदकर पीने वाले ग्राहकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। दरअसल, दही से बनने वाली छाछ में कई स्वास्थ्यवर्धक गुण मौजूद होते हैं।

**कई तरह से लाभकारी:** छाछ में मौजूद जीवाणु, आंतों में क्रियाशील हानिकारक कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। यह हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। गर्मी के दिनों में तो यह एक औषधि जैसा काम करता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि गर्मी के दौरान दोपहर के भोजन के अंत में छाछ पीना, स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है।

**पाचन करे सही:** दूध और दही दोनों की अपेक्षा छाछ हल्का और सुपाच्य होता है। गर्मी के मौसम में अगर इसे रोज पिया जाए तो यह शरीर में आलस्य पैदा नहीं करता और इससे पेट में भारीपन भी महसूस नहीं होता है। कमजोर पाचनशक्ति वालों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। यह भोजन को जल्दी पचाने में भी सहायक होता है। इससे कब्ज और दस्त दोनो ही समस्याएं सही हो जाती हैं।

**कई रोगों से बचाए:** हृदय रोगियों के लिए छाछ विशेषतौर पर लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें दूध की तुलना में चिकनाई कम होती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दमा, गठिया आदि बीमारियां मट्ठे के सेवन से पास नहीं फटकती हैं।

**रखें ध्यान:** छाछ का सेवन जहां तक हो सके, सुबह नाश्ते के समय और दोपहर के भोजन में ही करना चाहिए। छाछ हमेशा ताजा ही पीना चाहिए। इसे मिट्टी या कांच के बर्तन में पीना अधिक फायदेमंद होता है।


- बुखार आने पर, सर्दी के मौसम में या जुकाम होने की वजह से अगर कफ बन रहा हो तो इसका सेवन नहीं करना चाहिए।
- बारिश के मौसम में भी इसे नहीं पीना चाहिए या बहुत कम मात्रा में पीना चाहिए।
- बहुत ज्यादा खट्टा छाछ पीना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। *

हर्बल जोन

रेखा देशराज

भृंगराज एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जिसका कई तरह की शारीरिक समस्याओं में उपयोग किया जा सकता है। शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने और बालों को हेल्दी रखने के साथ ही गर्मी में यह विशेष रूप से उपयोगी होता है। इसके गुणों के बारे में जानिए।

# कई समस्याओं में कारगर भृंगराज





भृंगराज का पौधा, इंसान को ज्ञात सबसे पुरानी और उपयोगी जड़ी-बूटियों में से एक है। आयुर्वेद में इसके अनेक उपयोग दर्ज हैं। सबसे ज्यादा तो यह जड़-बूटी ठंडे भृंगराज तेल के लिए जानी जाती है,जो सिरदर्द भगाने में रामबाण की तरह होता है। भृंगराज उन गिनी-चुनी हर्बल में से भी एक है, जिसका हर हिस्सा औषधीय दृष्टि से उपयोगी होता है। इसके इस्तेमाल से लिवर और आंतों के स्वास्थ्य में जबरदस्त सुधार होता है।

**कई नामों से लोकप्रिय:** भृंगराज को वनस्पतिशास्त्र में एक्लिप्टा अल्बा कहते हैं। इसके अन्य नामों में भांगड़ा, थिसल्स, माका, अंगारक, बंगरा, केसुती, बाबरी आदि हैं। इसे अलग अलग क्षेत्रों की बोली भाषाओं में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है। इसमें तीखी गंध होती है और ये उस जगह बारिश के दिनों में अपने आप उग आता है, जहां नमी होती है।

**गर्मी में विशेष लाभकारी:** भृंगराज की तासीर ठंडी होती है, इसलिए अगर गर्मी के मौसम में पेट संबंधी कोई भी समस्या मसलन अपच, गैस बनना और कब्ज से पीड़ित हों तो बहुत आसानी से इसके इस्तेमाल से इन समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर गर्मियों में भृंगराज का तीन महीने तक शर्बत पीया जाए, तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

**बालों के लिए वरदान:** भृंगराज पौधे की पत्तियों में विशेष गुण होते हैं। जिन लोगों के सिर के बाल झड़ रहे हों, वो लोग अगर भृंगराज के पौधे की हरी पत्तियों को पीसकर अपने सिर में लगा लें तो बाल झड़ने तुरंत बंद हो जाते हैं। झड़ते बालों को रोकने ही नहीं बल्कि उन्हें काला करने के बारे में भी इसको ख्याति हासिल है।

**होते हैं कई गुण:** भृंगराज में अनेक प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जैसे- फ्लेवोनॉयड और एल्कलॉइड। ये एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का काम करते हैं और विभिन्न प्रकार के हानिकारक चीजों से लिवर की रक्षा करते हैं। लिवर की रक्षा के लिए भृंगराज बहुत उपयोगी माना जाता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो लिवर को हैपेटाइटिस सी जैसे वायरल संक्रमण से बचाता है। भृंगराज शरीर में होने वाली सूजन को असरदार ढंग से रोकता है और इसके अंदर जो पोषक तत्व होते हैं, उन्हीं से बालों की गुणवत्ता और उनकी लंबाई में इजाफा होता है। त्वचा के कटने, छीलने या घाव आदि हो जाने पर भी यह असरदार तरीके से काम करता है। यह कफ और वात विकार को भी कम करता है। लिवर के साथ किडनी के स्वास्थ्य के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। फैटी लिवर और पीलिया जैसी समस्याओं में यह बेहद असरकारी होता है। त्वचा के संक्रमण से भी यह बचाता है।

**एक्सपर्ट की राय से करें यूज:** इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाकर और उसमें तेल मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर बाजार से मिलने वाले भृंगराज हर्बल के विभिन्न प्रोडक्ट्स जैसे कैप्सूल आदि का सेवन किया जा सकता है। भृंगराज का उपयोग हमेशा किसी आयुर्वेद एक्सपर्ट की सलाह और देख-रेख में ही करना चाहिए, वरना नुकसान


डिजीज

डॉ. माजिद अलीम

ब्रेन ट्यूमर की समस्या किसी भी उम्र में और किसी को भी हो सकती है। ऐसे में इससे बचाव का एक ही तरीका है कि समय रहते इसे डायग्नोज कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए। इसके लिए लोगों में अवेयरनेस होना जरूरी है।

# ब्रेन ट्यूमर सजगता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है





विशेषज्ञों के मुताबिक़ ब्रेन ट्यूमर के चार स्टेज होते हैं और अगर तीसरे स्टेज के शुरुआत में भी इसका पता चल जाए तो बीमार व्यक्ति को बचाया जा सकता है। इस बात से यह महत्वपूर्ण तथ्य निकलता है कि अगर हम समय रहते ब्रेन ट्यूमर की पहचान कर लें, तो इस घातक बीमारी से हर हाल में बचा जा सकता है।

**किसी को भी हो सकता है:** हर साल दुनिया में ब्रेन ट्यूमर के 300000 से ज्यादा मामले सामने आते हैं। यह समझना भी जरूरी है कि कोई भी इसकी गिरफ्त में आ सकता है। एक जमाने में माना जाता था कि 20 साल की उम्र तक के लोगों को ब्रेन ट्यूमर की समस्या नहीं होती, लेकिन बदले खान-पान, प्रदूषण में हुए भारी इजाफे और अन्य कारणों के चलते आज 21 से 85 साल की उम्र समूह के किसी भी शख्स को इसकी समस्या हो सकती है। 40 साल से ज्यादा की उम्र वालों में इसकी आशंका इससे कम उम्र के लोगों के मुकाबले 20-21 फीसदी बढ़ जाती है।

**क्या है ब्रेन ट्यूमर:** वास्तव में जब मस्तिष्क में या इसके आस-पास की कोशिकाओं के डीएनए में खामी आ जाती है या वो बदल जाते हैं तो ये ब्रेन कैंसर के खतरे को जन्म देते हैं। दरअसल, डीएनए परिवर्तन के चलते जब ट्यूमर कुछ खास रसायनों के संपर्क में आता है तो इनका प्रभाव बहुत घातक हो जाता है। सवाल है, आखिर किसी को ब्रेन ट्यूमर किन वजहों से होता है और किन वजहों से इसमें लगातार तेजी आती जा रही है? सच्चाई यही है कि ब्रेन ट्यूमर की एक बड़ी वजह धरती में नियमित रूप से प्रदूषण का बढ़ना है। दरअसल निकिल, कैडमियम, विनाइल क्लोराइड, रेडान, बेंजीन ऐसे रसायन हैं कि अगर इन रसायनों के लगातार संपर्क में रहा जाए तो ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है। धूम्रपान भी इसकी दूसरी एक बड़ी वजह है। सिर में चोट लगने पर अगर सही से उसका इलाज न करवाया जाए तो एक स्थिति के बाद यह चोट भी मस्तिष्क ट्यूमर की वजह भी बन सकती है। लगातार तनाव में रहना, नींद न आना, बार बार चोट लगना इससे भी ब्रेन ट्यूमर की आशंका बढ़ जाती है।

**पहचानें शुरुआती लक्षण:** ब्रेन ट्यूमर को समय रहते पकड़ना मुश्किल नहीं है बशर्ते हम सजग हों। जब सुबह के समय सिर में तेज दर्द हो और इसी दर्द की वजह से कई बार रात को जागना भी पड़े तो यह सामान्य सिरदर्द नहीं। ऐसे में तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट को दिखाना चाहिए कि कहीं यह ब्रेन ट्यूमर की निशानी तो नहीं। रात में और सुबह तेज सिरदर्द के अलावा ब्रेन ट्यूमर के जो अन्य महत्वपूर्ण लक्षण हैं उनमें-बोलने और सोचने में कठिनाई का महसूस होना, आंखों में धुंधला दिखना, अचानक सुनने की क्षमता में कमी हो जाना, चेहरे का सुन्न हो जाना, थूक को निगलने में कठिनाई होना, किसी चीज में मन न लगना, विभिन्न तरह की गंधों का पता न लगना यानी उनका एहसास न होना। ये सब ब्रेन ट्यूमर के लक्षण हो सकते हैं।

**संभव है ट्रीटमेंट:** ब्रेन ट्यूमर लाइलाज नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इस बीमारी को पकड़ने में आप चूक गए तो यह लाइलाज हो सकता है। इसलिए सबसे जरूरी यही है कि आप इसे लेकर सजग रहें। अगर आप के माता-पिता ब्रेन ट्यूमर के सर्वाइवर रहे हैं तो आपको और भी ज्यादा सावधान रहना चाहिए क्योंकि आपके इसकी चपेट में आने की आशंका और ज्यादा है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035

या मेल करें- sehatharibhoomi@gmail.com

